Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

बाल श्रम समस्या एवं समाधान : भारतीय परिपेक्ष्य में

डॉ. विभा शर्मा *

* सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान) एस.आर.के. राज. स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, राजसमन्द (राज.) भारत

प्रस्तावना – बालक समाजरूपी बगिया के खिलते हुए पुष्प एवं राष्ट्र की बहुमूल्य सम्पति है जिस समय में जीवन का निर्माण हो रहा होता है उस समय में बाल श्रमिक के रूप में नियोजन उन बालकों के लिए ही नहीं अपितु सम्पूर्ण समाज एवं राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षतिकारी होता है।

बाल श्रम के बारे में जब भी हम कुछ सुनते है तो हमारे मन मस्तिष्क में साईकिल का पंचर बनाने वाला चाय की थडी पर गिलास धोने वाले कूडा बीनने वाले की तस्वीर कौधती है। कल-कारखानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अखबार और फेरी लगाने वाले एवं खनन उद्योग में काम कर रहे बच्चों को जिन्हें माता-पिता द्वारा रूपयों के लिए गिरवी रखा हो या इन क्षेत्रों में वे मजदूरी या बिना मजदूरी के काम कर रहे है को बाल श्रम की श्रेणी में माना गया है। भारतीय समाज जो एक कृषि प्रधान समाज है जहां संताने माता पिता के साथ कृषि एवं घर-गृहस्थी के काम में हाथ बंटाते आए है उसको भी कई गैर सरकारी वैश्विक संगठनों द्वारा बाल श्रम की श्रेणी में रख दिया जाता है। बाल श्रम की समस्या समाधान एवं चुनौतियों को जानने के लिए श्रम एवं बाल श्रम के इसी महीन अन्तर को जानना एवं समझना आवश्यक है।

वैश्विक राज्यों के संगठन संयुक्त राष्ट्र द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के श्रम करने वालों को बाल श्रम की श्रेणी में माना गया है, वहीं अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा बाल श्रम की वय 15 वर्ष तय की गई है। भारतीय संविधान में किसी उद्योग, कल कारखाने या किसी कम्पनी में मानसिक या शारीरिक श्रम करने वाले 5-14 वर्ष की उम्र के बच्चे को बाल श्रमिक माना गया है। बाल श्रम की समस्या केवल भारत तक ही सीमित न ही है वरन इसका स्वरूप वैश्विक है जिसके समाधान के लिए अलग-अलग देशों ने कई कदम उठाए है। इसी क्रम में भारत में भी बाल श्रम को समाप्त करने के उद्देश्य से बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) कानून 1986 कारखाना अधिनियम 1948, खदान अधिनियम 1952, राष्ट्रीय बाल श्रम नीति 1987, राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना, पेंसिल पोर्टल, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2006 जैसे महत्वपूर्ण कानून बनाकर बाल श्रम उन्मूलन की कोशिशें की गई है जिनसे बाल श्रम की समस्याओं के समाधान को गति एवं प्रगति मिली है परन्तु भारत जैसे विशाल जनांकिकी एवं भौगोलिक विविधताओं वाले देश में अभी इस दिशा में कई समस्याएं है, जिनके समाधान एवं इस ओर आने वाली चुनौतियों से पार पाने के लिए काम करना समय की महत्ती आवश्यकता है।

बाल श्रम के सम्बन्ध में सांख्यिकी – जनगणना 2011 के अनुसार भारत में 10.1 मिलीयन बाल श्रमिक है जबकि गैर सरकारी संगठनों के आंकडे इसे 5 करोड बताते है। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्टों के अनुसार कोविड महामारी के प्रभाव से बाल श्रमिको की संख्या 160 मिलीयन हो गई है।

भारत के राज्यों में बाल श्रम की स्थिति



स्त्रोत जनगणना 2011

उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि राज्यों की दृष्टि से बाल श्रम में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है उसके बाद बिहार एवं राजस्थान में बाल श्रमिक है, झारखण्ड, गुजरात एवं महाराष्ट्र भी बडी संख्या में बाल श्रमिक वाले राज्य है।

लोकसभा में नवम्बर 2019 में बाल श्रम के सम्बन्ध में पुछे गए एक अतारांकित प्रश्न पर केन्द्रीय मुख्य श्रम आयुक्त कार्यालय द्वारा दी गई सूचना में 2018-19 में 4586 निरीक्षण किए गए जिसमें 1325 निरीक्षणों में श्रम कानून उल्लंघन के मामले पाए गए जिनमें से 27 मामलों में अभियोजन की कार्यवाही प्रारम्भ की गई एवं शून्य मामलों में आर्थिक दण्ड एवं जेल की सजा दी गई। इन समंकों से स्पष्ट है कि किस तरह अभियोजन पक्ष की कमजोरी एवं कानून में मौजूद कमियों से आरोपियों को अन्ततः सजा नहीं मिल पायी।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्टों के अनुसार कोविड महामारी के प्रभाव से बाल श्रमिको की संख्या 160 मिलीयन हो गई है। किन्तु यहां पर पुनः वहीं स्थिति देखने को मिलती है कि क्या पारिवारिक व्यवसायों में हाथ बंटाना क्या बाल श्रम की श्रेणी में सम्मिलित है एवं गैर सरकारी संगठनों, आई एल ओ व यूनिसेफ के प्रतिवेदनों में बाल श्रम के क्या मानक रखे गए हैं।

भारत में बाल श्रम निषेध कानून – स्वतन्त्रता के पूर्व से ही भारत में बालश्रम के सम्बन्ध में वैश्विक संगठनों के प्रयासों से कानून बनाए गए थे

जो भारतीय कारखाना अधिनियमों में सम्मिलित थे, स्वतन्त्रता के पश्चात भारत में संविधान में प्रावधान कर बालश्रम को निषेध किया गया। जिससे हम अपने आस-पास काम कर रहे कम उम्र के बालकों को बालश्रम के दलदल से बाहर निकालकर उनका खोया हुआ बचपन उन्हें लौटाकर एक बेहतरीन नागरिक बना सके।

1. संविधान का अनुच्छेद 23 किसी भी प्रकार के बलात् श्रम को निषिद्ध करता है।
2. अनुच्छेद 24 कहता है कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बालक को खतरनाक काम करने के लिए नियुक्त नहीं किया जा सकता है।
3. संविधान के नीति निदेशक सिद्धान्त का अनुच्छेद 39 बालकों के स्वास्थ्य और उनके शारीरिक विकास के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित करता है।

अनुच्छेद 23 एवं 24 को ध्यान में रखते हुए 1986 में भारत सरकार द्वारा बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) कानून 1986 पारित किया गया जो 14 वर्ष से कम वय के बालकों को जीवन जोखिम में डालने वाले व्यवसायों में काम करने पर रोक लगाता है।

संविधान के नीति निदेशक सिद्धान्तों के क्रम में 1987 में राष्ट्रीय बाल श्रम नीति तैयार की गई जिसका उद्देश्य बाल श्रम पर प्रतिबन्ध एवं विनियमन के द्वारा बाल श्रम को समाप्त करना, बालकों एवं उनके परिवार के लिए कल्याण एवं विकास कार्यक्रम प्रदान करना और कार्यशील बालकों के लिए शिक्षा एवं पुनर्वास को सुनिश्चित करना है।

वर्ष 1988 में राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना शुरू की गई जिसमें देश के कतिपय बालश्रम आधिक्य वाले जिलों में इस परियोजना के माध्यम से खतरनाक व्यवसायों में कार्यरत बालकों को पुनर्वासित कराया गया।

इसी को आगे बढाते हुए 86वें संविधान संशोधन द्वारा वर्ष 2002 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम पारित किया गया। जिसमें अनुच्छेद 21 ए सम्मिलित कर 6 से 14 वर्ष की आयु तक के बालकों के लिए निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया गया। जिसे 2009 में निजी शैक्षणिक संस्थानों में भी विस्तार दिया गया।

2017 में शुरू किए गए पेंसिल पोर्टल के द्वारा बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) कानून 1986 को प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया जिसमें राज्य के सहयोग के साथ ही समाज एवं आम नागरिक का भी सहयोग प्राप्त करना था।

वैश्विक स्तर पर भी संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानवाधिकार के लिए जारी आधारभूत सिद्धान्तों में बलात श्रम के उन्मूलन पर कन्वेंशन, न्यूनतम आयु पर कन्वेंशन और बाल श्रम के सबसे विकृत रूप पर कन्वेंशन को माना है जिसे भारत द्वारा भी स्वकार किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा वर्ष 2002 में बाल श्रम उन्मूलन के लिए 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस घोषित किया गया। 2015 में विश्व के नेताओं द्वारा सतत विकास के लक्ष्य में 2025 तक सभी तरह के बाल श्रम उन्मूलन का लक्ष्य तय किया गया।

बाल श्रम से उत्पन्न समस्याएं – बाल श्रम एक सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय समस्या है जिसके कारण बालक जहां प्रारम्भिक शिक्षा से वंचित हो जाता है वहीं अल्प आयु में जोखिम भरे कल कारखानों प्रतिष्ठानों में काम करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास पर बुरा प्रभाव पडता है। दासता, बच्चों का विक्रय दुर्व्यापार वेश्यावृति एवं पोर्नोग्राफी, बाल यौन शोषण ने गत दशकों में काफी विस्तार कर लिया है जो बालश्रम का जघन्यतम रूप है। बालवय में कार्य करने से बालक मनोवैज्ञानिक रूप से कमजोर हो जाता है एवं यह तय है कि भविष्य के आदर्श नागरिक की भूमिका वह सही से नहीं निभा सकता है। वहीं मानसिक एवं शारीरिक विकास में कमी से वह राष्ट्र के आर्थिक विकास में भी समुन्नत रूप से सहभागी नहीं रह पाता है जो अन्ततः इस प्रतिस्पर्धी युग में पहले स्वयं को उसके बाद समाज एवं राष्ट्र को पीछे धकेलने वाला सिद्ध होता है। बाल श्रम राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक गम्भीर चुनौती पैदा कर रहा है। अनौपचारिक घरेलु व्यवसाय एवं कृषि कार्यों से जहां राष्ट्रीय छवि धुमिल हो रही है वहीं कल कारखानों एवं खनन उद्योगों में बालश्रम से बालकों पर गम्भीर तात्कालिक एवं दीर्घगामी प्रभाव पड रहे है। बलात बाल श्रम के साथ ही चाईल्ड पोर्नोग्राफी, वेश्यावृति आदि से बालकों की तस्करी एवं अंगों की तस्करी ने भी बालश्रम के जघन्यतम स्वरूप को उजागर किया है। तात्कालिक रूप से बालश्रम जोखिम भरा नहीं लग सकता है किन्तु बालकों की शिक्षा स्वास्थ्य एवं मनोवैज्ञानिक प्रभाव दीर्घकालिक रूप से निश्चित हीं विनाशकारी होंगे। जिसका परिणाम दुष्चक्रकारी होगा जो गरीबी से शुरू होकर अशिक्षा कौशल विकास का अभाव कम वेतन वाले जीविकापार्जन के साधन, अस्वास्थ्य अल्पायु एवं गरीबी पर समाप्त होगा।

भारत के परिपेक्ष्य में बाल श्रम के कारक – बालश्रम को बढावा देने वाले कारणों में मुख्यतया आय का असमान वितरण, गरीबी, भूखमरी और बेरोजगारी है। बाल श्रमिकों के जीवन के दुष्चक्र में अल्प शिक्षा, कम आय, बडे परिवार, भूखमरी, काम के लम्बे घंटे, रोजगार की असुरक्षा माता पिता की अज्ञानता ऐसे कई कारक है जो बालश्रम के लिए स्थितियां उत्पन्न करते है और उन्हें बढावा देते है।

भारतमें बाल श्रम का विस्तार एवं प्रारूप – बाल श्रम की व्यापकता हर काल एवं युग में देखी गई है फिर चाहे वह राजशाही हो अथवा ब्रिटीश कालीन शासन या फिर स्वतन्त्र भारत बस अन्तर था तो मात्र समाज की मौजूदा आर्थिक सामाजिक संरचना के आधार पर प्रकृति और आयाम में। भारत में बाल श्रम का लगभग 80 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों से आता है एवं बचा खुचा बाल श्रम शहरी कच्ची बस्तियों से आता है। आर्थिक विषमता के इस युग में गरीब जो अत्यधिक दीन-हीन अवस्था में है आज भी इसी मानसिकता पर कायम है कि जितने ज्यादा हाथ होंगे उतने ही ज्यादा अर्थ की पूर्ति का माध्यम होंगे। नतीजतन परिवार में वृद्धि से कुपोषण, अशिक्षा, स्वास्थ्य में कमी एवं जीवन प्रत्याशा में कमी यही दुष्चक्र चलता रहता है और गरीब, गरीब ही बना रहता है। जिससे आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग बाल श्रम को चाहे अनचाहे स्वीकार करने का मजबूर है। आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के परिवारों द्वारा जैसे गडरिया चरवाहे के परिवार के बालको द्वारा पारिवारिक कार्य के रूप में गडरिया चरवाहे का कार्य करना हो अथवा कुम्हार, लौहार के बालकों द्वारा मिट्टी खोदने से लेकर थापने, कुटने का कार्य हो इसमें बचपन कहीं रीतता हुआ महसूस होता है। यद्यपि ये पारिवारिक एवं पुश्तैनी कार्य है जिनको करने से उसमें कौशल ही पैदा होता है किन्तु सम्पूर्ण बालपन शिक्षा के इतर यदि इन्हीं कार्यो में बीतता है तो कहीं न कहीं बाल श्रम को बढाता हुआ दिखता है जिसे गैर सरकारी संगठन एवं राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं बढा चढा कर राष्ट्रीय छवि को खराब करते है। कई बाल श्रमिक खनन, बैटरी मरम्मत, वेल्डिंग आरा मशीनों जैसे खतरनाक उद्योगों एवं परिस्थितियों में काम करते है जिनमें काम के दौरान कई बार वे अपनी जान से भी हाथ धो बैठते है एवं कई बार स्थायी रूप से अपंग भी हो जाते है।इस तरह के बाल श्रम

से भावी जीवन पर नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न होता है एवं अशिक्षा उन्हें भविष्य के लिए भी बेहतर आजीविका के लिए अवसर प्रदान नहीं करता है। बाल श्रमिकों का श्रम के आधार पर वर्गीकरण के सम्बन्ध में जनगणना 2011 के आंकडों के अनुसार 26 प्रतिशत बाल श्रमिक कृषि कार्य से सम्बन्धित है वहीं 32.9 प्रतिशत कृषि मजदूरी से जुडे है। 5.2 प्रतिशत घरेलु उद्योग से सम्बन्धित है एवं 35.8 प्रतिशत इन सबके अतिरिक्त अन्य कार्यों में बाल श्रमिक के रूप में कार्यरत है।

बाल श्रमिकों का श्रम के आधार पर वर्गीकरण



स्त्रोत जनगणना 2011

आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के परिवारों के बालक विहीत आयु से कम आयु में जोखिम भरे कल कारखानों एवं खनन उद्योगों में कार्य करने को मजबूर है तो यह कहीं न कही उस परिवार समाज एवं राज्य की बाल श्रम के प्रति असंवदेनशीलता एवं बाल श्रम उन्मूलन नीतियों की असफलता को प्रकट करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के प्रमुख विकल्प कृषि में पारिवारिक कृषि कार्यों में शिक्षा के साथ बालक परिवार का सहयोग करता है एवं कुछ सीखता है तब तक उचित एवं मान्य प्रतीत होता है किन्तु जीविकोपार्जन के लिए यदि बालवय में व्यावसायिक खेती मसलन कपास बीनने, मुंगफली खोदने, तोडने या चाय बागान, बीडी उद्योग आदि कई व्यावसायिक कृषि में रत पाया जाता है जो बालश्रम का विकृत स्वरूप है।

इसी तरह से नगरीय क्षेत्रों में कच्ची बस्तियों के परिवारों द्वारा बालकों को जीविकोपार्जन के लिए घरेलु नौकरों, कूडा बीनने, होटलों में सफाई आदि कार्यों के लिए लगाया जाता है जो निश्चित ही बालश्रम का रूप है इसके साथ ही छोटे शहरों में माचिस, पीतल, पटाखा उद्योग, कालीन बनाने आदि कार्यों में भी बालकों को आर्थिक विषमताओं से पार पाने के लिए जाने अनजाने धकेल दिया जाता है। वर्तमान की आधुनिक संचार क्रांति/सोशल मीडिया के बेतहाशा उपयोग ने बालकों को अनजाने ही भौतिकता की ओर खींचकर अर्थोपार्जन के लिए मजबूर किया है और अर्थोपार्जन का जरिया अनायास ही बालश्रम को पैदा कर रहा है।

राजस्थान के मेवाड एवं वागड अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों (उदयपुर डूंगरपुर बांसवाडा प्रतापगढ सिरोही जिले) से मौसमी प्रवास एक महत्तवपूर्ण बालश्रम का उदाहरण है जहां के परिवारों के बालक-बालिकाएं कृषि जन्य मजदूरी के लिए गुजरात मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में प्रवास करते पाए गए है। साक्ष्यों में 14 वर्ष से कम आयु के बालकों का प्रवास प्रतिशत बढ रहा है जो बालश्रम की ओर इंगित करता है। बाल श्रम की व्यापकता एवं वृद्धि का महत्वपूर्ण कारक है गरीबी, पारिवारिक कर्ज, माता-पिता की अशिक्षा, परिवारों का बडा होना, बालश्रम का सस्ता होना एवं नियोक्ता की आवश्यकता के अनुरूप होना।

2001 की जनगणना के अनुसार देश में कुल बालकों 25.2 करोड में से 1.26 करोड बाल श्रमिक थे। 2004-05 में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन एनएसएसओ द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार बाल श्रमिकों की संख्या 90.75 लाख थी जो 2011 की जनगणना में घटकर 43.53 लाख रह गई है। जिससे पता चलता है कि सरकार के प्रयासों का वांछित फल मिला है।

बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में सुझाव – बाल श्रम की समस्या देश के सामने एक चुनौती बनी हुई है, सरकार इस समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है समस्या की भयावहता और सीमा को देखते हुए यह मूल रूप से गरीबी और अशिक्षा से जुडी एक सामाजिक आर्थिक समस्या है और इसके समाधान के लिए समाज के सभी वर्गो से ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में कार्य किये जाने हेतु सुझाव के निम्न कतिपय बिन्दू:

1. गरीबी, बेरोजगारी, मौसमी बेरोजगारी, जीविकोपार्जन के अल्प वेतन, अशिक्षा, स्वास्थ्य में कमी, सभी बाल श्रम के कारक है एवं दुष्चक्र की भांति एक दूसरे से चलायमान है। सर्वप्रथम परिवारों को आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना होगा जिससे वे बच्चों को बालश्रम में धकेलने से बच सके।
2. अब्राहम मेस्लो के आवश्यकता पद सोपान को ध्यान में रखते हुए मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं (रोटी कपडा मकान) की पूर्ति की जावे।
3. सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की दिशा में दृढतापूर्वक कार्य करते हुए एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही डीबीटी व्यवस्था को मजबूत किया जावे।
4. वयस्कों के लिए रोजगार के अवसर बढाए जावे एवं न्यूनतम वेतन जैसे मापदण्ड लागू करने होंगे।
5. मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति उपरान्त स्वास्थ्य एवं शिक्षा को भी अगले पदसोपान में चिन्हीत कर सुविधाएं प्रदत करनी होगी।
6. अनिवार्य शिक्षा को प्रभावी करते हुए शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए गुणवत्ता एवं रोजगारपरक शिक्षा दी जावे।
7. शैक्षणिक बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जावे।
8. पेंसिल पोर्टल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सार्वजनिक जनभागीदारी का दायरा विस्तृत किया जावे।
9. भारत में लगभग 80 प्रतिशत बालश्रम ग्रामीण क्षेत्रो से आता है ऐसे में ग्राम पंचायतें बालश्रम को रोकने में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकती है।
10. बालश्रम कानूनों के उल्लंघन पर सजा त्वरित एवं व्यवहारिक हो मसलन पकडे गए बालश्रमिकों को उन्हीं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा गोद लेकर आगे की शिक्षा दीक्षा पूरी करायी जाने की जिम्मेदारी दी जावे।
11. वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में सोशल मीडिया प्रचार प्रसार एवं मानसिकता परिवर्तन का महत्वपूर्ण माध्यम बनता जा रहा है, अत: इसके माध्यम से न केवल जनजागरूकता प्रसारित की जा सकती है बल्कि बाल श्रम पाए जाने पर व्वरित कार्यवाही भी की जा कसती है।
12. राज्य द्वारा सामाजिक नागरिक संगठनों, प्रिंट-मीडिया एवं दबाव

समूहों के माध्यम से भी बाल श्रम पर नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए जागरूकता लायी जाकर प्रभावी भूमिका निभायी जा सकती है।

13. कोविड के बाद के समय में परिवारों के मुखिया अथवा कमाने वाले की असामयिंक मत्यु से परिवारों को आर्थिक संकट एवं जीवनयापन की मूलभूत आवश्यकताओं से जुझते एवं बाल श्रम को बढते हुए पाया गया है अत: राज्यों को महामारी एवं आपदाओं की स्थिति में त्वरित कार्यवाही करते हुए सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को मजबूत करना चाहिए।
14. गैर सरकारी संगठनों जैसे कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउण्डेशन, चाईल्ड फण्ड तलाश एसोसिएशन बचपन बचाओं आन्दोलन जैसे कई संगठन बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में कार्यरत है एवं इनके द्वारा सराहनीय कार्य किए गए है किन्तु भारत जैसे विशाल भूभाग वाले देश में सुदूर ग्रामीण एवं वनांचल में ऐसे कतिपय गैर सरकारी संगठन नाकाफी है इन्हें सी.एस.आर. के माध्यम से गांव एवं क्षेत्र गोद लेकर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करनी होगी।

निष्कर्ष – यह तो निश्चित है कि बाल श्रम एक सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय समस्या है जिसका निवारण समय पर आवश्यक है अन्यथा हमें पीढियों में इसके नुकसान दिखाई देते रहेगें। बाल श्रम के सम्बन्ध में जारी कई प्रतिवेदनों, कार्यशालाओं में और पाया कि कानूनी प्रावधानों से बाल श्रम में राहत तो मिली है किन्तु उसे वह सफलताएं नहीं मिल सकी जो अपेक्षित थी। भारत सरकार द्वारा संचालित पेंसिल पोर्टल एवं ऐसे ही कई नवाचारों की आवश्यकता है जिससे जनमानस बाल श्रम उन्मूलन से जुडकर इसे वास्तविक धरातल पर साकार कर सके।

बाल श्रम न केवल राष्ट्रीय छवि को धुमिल करता है बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में विकसित एवं सम्पन्न राष्ट्र बनने के लिए बाधक भी बनता है अत: हमे येन केन प्रकरेण विकास के मार्ग में आ रही बाधाओं में से एक बाधक तत्व से नई सदी में पार पाना होगा यही सतत विकास का लक्ष्य भी है आखिर ये बालक ही है जो कल के युवा एवं देश के खिवैया है अत: इनकी जडों को कमजोर कदापि नहीं रखा जा सकता है। सुरक्षित एवं स्वस्थ बचपन से ही सशक्त भारत का निर्माण सम्भव है। बाल श्रम के जड से उन्मूलन के लिए परिवार, नागरिक समाजिक संगठन, गैर सरकारी संगठन, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सरकारों को मिल जुल कर प्रतिबद्धता के साथ प्रयास करने होगें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Jain, Mahaveer and Sangeeta Saraswat (ed. 2004), Child Labour from Different Perspectives, Delhi: Manak publications.
2. Ipsita Priyadarsini Pattanaik Dr. Sinil Kumar Padhi I.J.R.S.S. Vol. 9 Issue 9, September 2019, ISSN: 2249-2496 Magnitude and Nature of Child Labour in Odisha
3. Census of India 2011
4. www.un.org
5. www.ilo.org
6. https://labour.gov.in/

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भगवतधाम् शिवरीनारायण

डॉ. रामरतन साहू* वर्षा सूर्यवंशी **

*** सह-प्राध्यापक (इतिहास) सामाजिक विज्ञान विभाग, डॉ. सी.व्ही. रमन विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत**
**** शोधार्थी (इतिहास) डॉ. सी.व्ही. रमन विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत**

शोध सारांश – छत्तीसगढ़ के इतिहास में शिवरीनारायण एक ऐसा परिचय है जो विलुप्त होती जा रही हमारी सांस्कृतिक पारम्परिक, धार्मिक, सामाजिक, आध्यात्मिक चेतना को पुनर्जीवित करता है। प्रमाण हैं कि यह प्रागैतिहासिक सभ्यता के अवशेष अंचल और आसपास के महानदी तट के क्षेत्रों से प्राप्त हुए हैं। यहां प्रागैतिहासिक शैलचित्रों की उपस्थिति इसका ठोस प्रमाण है। महानदी के तटवर्ती ग्राम्यांचलों के भित्ति चित्रांकन की लोक परम्परा भी इतिहास के रहस्यों को उजागर करते हैं। यहॉ बिरतिया कहे जाने वाले निषाद–केंवट, धीवर, मछुवारे और शबर जाति के भाट भी बहुतायत में रहते हैं जो यहॉ की लोक–कलाकृतियों के ज्ञाता है। वे स्वंय को शबरी का वंशज मानते हैं।

शब्द कुंजी – प्रागैतिहासिक, संस्कारधानी, चित्रोत्पल, शिवरीनारायणग्राम।

प्रस्तावना – शिवरीनारायण को छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त है। ये सांस्कृतिक तीर्थ चित्रोत्पला गंगा के तट पर क्रमश: महानदी, शिवनाथ एवं जोंक नदीं के त्रिवेणी संगम पर स्थित है। परिचयात्मक स्वरूप में शिवरीनारायण का सुन्दर वर्णन करते हुए पंडित मालिकराम भोगहा श्री शिवरीनारायण माहात्म्य बताते हुए कहते है कि –

आठों गण सुर मुनि सदा आश्रय करत सधीर।
जानि नारायण क्षेत्र शुभ चित्रोत्पल नदि तीर।।
देश कलिंगहि आइके धर्म रूप थिर पाई।
दरसन परसन वास अरू सुमिरन ते दुख जाई।।

अर्थात आठों गण, देवता एवं मुनिगण धीरता पूर्वक नारायण क्षेत्र के चित्रोत्पला नदी के तट पर लगातार वास करते हैं। यहां जो स्थिरता पूर्वक निवास तथा दर्शन आदि करते हैं उन के दु:ख विनष्ट होते हैं।

पंडित हीराराम त्रिपाठी जी काव्य को पुन: भक्ति की पवित्र मन्दाकिनी में स्नान कराते हुए भक्ति रस धारा की ऐतिहासिकता में सराबोर करते हुए कहते हैं कि –

चित्रउतपला के निकट श्रीनारायण धाम।
बसत सन्त सज्जन सदा शिवरीनारायणग्राम ।।

सवैया :–

होत सदा हरिनाम उच्चारण रामायण नित गान करैं।
अति निर्मल गंगतरंग लखै उर आनंद के अनुराग भरैं।
शबरी वरदायक नाथ विलोकत, जन्म अपार के पाप हरैं।
जहां जीव चारू बखान बसैं सहजे भवसिंधु अपार तरैं।।

इन पंक्तियों में मिश्र जी ने इतिहास को जीवन के तीन कालों से संबद्ध किया है, यह भी तो निरन्तर प्रवाहित होकर गतिशील है, परिवर्तनशील है। यह प्रवाह टुकड़े–टुकडे नहीं होता और अनन्त और असीम से एकत्व का बोध कराते हुए दृढ़ संकल्पता के साथ प्रवाहित होता हुआ आगे बढ़ता है। चिन्तन मिश्रित अविराम गति से अर्थात विश्रांति न कि विराम के साथ प्रवाहमय है। इसमें मोड़ प्रति मोड़, उतार–चढ़ाव, घेराव–टकराव आते –जाते रहते हैं जो आवश्यक अंग हैं इस पथ के जो सीधा नही इसलिए बीते मोड़, उतार–चढ़ाव से आगे का मार्ग तय होता हैं, निश्चित होता हैं, जिसका शक्ति व सामर्थ्य अर्जित करने में ये तत्व सहायक होते हैं।

शिवरीनारायण ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक तीर्थ है।[1] प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण इस विष्णुकांक्षी तीर्थ का संबंध शबरी और नारायण से होने के कारण इसे शबरी नारायण भी कहा जाता है। शिवरीनारायण शैव, वैष्णव धर्मों का प्रमुख केन्द्र रहा है। यह स्थान भगवान जगन्नाथ का मूल स्थान होने के कारण यहां रथयात्रा का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री जगन्नाथ की विग्रह मूर्तियों को यहीं से जगन्नाथपुरी ले जाया गया था। यहां प्राचीन समय से प्रचलित रथयात्रा उत्सव में अन्य राज्यों के साधु–संत और श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। माघी पूर्णिमा को यहां छत्तीसगढ़ का सबसे भव्य पंद्रह दिवसीय मेला भरता है। महाशिवरात्रि के दिन को मेले का समापन होता है।[2] माघी पूर्णिमा के दिन यहां साधु– संत–महंत शाही स्नान करते हैं। भारतवर्ष प्राण संवाहिका नदियों का देश रहा है, जो कि सांस्कृतिक, सामाजिक व आर्थिक विकास में प्राचीनकाल से समर्पण रहा है। सिंधु तथा गंगा नदी की घाटियों में ही विश्व की सर्वाधिक प्राचीन सभ्यताओं–सिन्धु घाटी तथा आर्य सभ्यता का आर्विभाव हुआ। इसी परिप्रेक्ष्य में महानदी और छत्तीसगढ़ का अभिन्न सम्बन्ध है। आज भी देश और राज्य की सर्वाधिक जनसंख्या एवम् कृषि का संकेन्द्रण नदी घाटी क्षेत्रों में पाया जाता है। प्राचीन काल में व्यापारिक एवम् यातायात की सुविधा के कारण देश के अधिकांश नगर नदियों के तटों पर ही विकसित हुए थे[3] तथा आज भी देश के लगभग सभी धार्मिक स्थल किसी न किसी नदी से सम्बद्ध रहे हैं।

छत्तीसगढ़ का गुप्तधाम शिवरीनारायण रामावतार चरित्र और याज्ञवल्क्य संहिता में वर्णित है। यह नगर सतयुग में बैकुंठपुर, त्रेतायुग में रामपुर, द्वापरयुग में विष्णुपुरी और नारायणपुर के नाम से अवस्थित था। इतिहास में वर्णित है कि कोरिया जिले के भरतपुर पहुंचकर मवई नदी को पार कर श्रीराम जी ने दण्डकारण्य क्षेत्र में प्रवेश किया था। वे मांड नदी मार्ग

से चंद्रपुर और महानदी मार्ग से शिवरीनारायण पहुंचे थे। यहाँ मतंग ऋषि के आश्रम पर उन्होनें समय व्यतीत किया था। स्कंद पुराण में भी इस क्षेत्र का उल्लेख मिलता है। यह महानदी, जोंक और शिवरीनारायण नदियों के संगम स्थल और मैकल पर्वत श्रृंखला की तलहटी पर बसा अप्रितम, अद्भुत, सात्विक सौंदर्य से परिपूर्ण क्षेत्र है। जिसे 'नारायण क्षेत्र' और 'पुरूषोत्तम क्षेत्र' भी कहा जाता है।

चित्रोत्पला गंगा के तट पर सुशोभित है पवित्र, पुण्यप्रद, मोक्षदायी श्री नारायण धाम जिसे स्कंद पुराण में 'श्री पुरूषोत्तम क्षेत्र' कहा गया है।[4] वर्तमान में भी यहां चतुर्भुजी श्रीहरि विष्णु के विभिन्न अवतार स्वरूप, उहारणार्थ शबरीनारायण, केशवनारायण, लक्ष्मीनारायण आदि के दर्शनीय, दिव्य और भव्य श्रीविग्रहों के दर्शन प्राप्त होते हैं।

इस अद्भुत आस्था संगम पर स्थित हैं भगवान श्री शबरीनारायण, उनके चरण प्रक्षालन करता अक्षय कुण्ड रोहिणी, श्री चंद्रचूड़ महादेव, श्रीराम जानकी देवालय, दिव्य ऊर्जा संपन्न मठ, मठ परिसर और वहाँ स्थित पारंपरिक महंतो की समाधियाँ, भगवान श्रीजगन्नाथ-बलभद्र और सुभद्रा, श्रीराम-लक्ष्मण-जानकी मंदिर, शबरी के मधुर फल खाते श्रीराम और अनुज भ्राता श्री लक्ष्मण जी का मंदिर, श्रीकृष्ण वट वृक्ष, गादी चौरा, विभिन्न महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक घाट, माखन साव घाट स्थित देवालय महेश्वरनाथ और शीतला देवी मंदिर, धन-धान्य, सुख-समृद्धि प्रदाता मां अन्नपूर्णा एवम् विभिन्न अनेक अन्यान्य देवालय तथा दैवीय श्रीविग्रह, जोगीडीपा अर्थात् योगियों के डेरे के श्री बजरंगबली हनुमान जी का मंदिर, शिवरीनारायण से दो किलोमीटर के दायरे पर स्थित खरौद का ऐतिहासिक, प्रमाणिक श्री लक्ष्मणेश्वर महादेव का चमत्कारी मंदिर, इंदलदेव मंदिर, सौराइन दाई (शबरी) मंदिर, गिरि गोस्वामियों का शैव मठ इत्यादि, यहां से 11 किलोमीटर की सीमा पर स्थित केरा का सिद्ध शक्तिपीठ माता चण्डी दाई का मंदिर, 11 कि.मी. दूर स्थित मेंहदी में सिद्ध हनुमान मंदिर, 12 कि0मी0 की दूरी पर स्थित गुरू घासीदास के गृहग्राम गिरौदपुरी का आध्यात्मिक मन्दिर, यहॉ से 17 कि0मी0 के दायरे पर नवागढ़ का शैव पीठ श्री लिंगेश्वर महादेव का शिवालय, प्राकृतिक सुरम्यता पूर्ण नैसर्गिक परिवेश और वातावरण युक्त दर्शनीय आकर्षण का स्थल जोंक नदी और पहाड़ी का क्षेत्र। यहॉ से नारायणपुर और तुरतुरिया का बौद्ध विहार, जैन स्थली, मल्हार आदि भी जाया जा सकता है।[5] तुरतुरिया के बौद्ध विहार में प्रतिवर्ष पौष पूर्णिमा (छेरछेरा पर्व) के दिन एक दिवसीय मेला भरता है जो आकर्षक और भव्य होता है।

समस्या का वर्णन – शोधकर्ता द्वारा शिवरीनारायण अंचल पर लेखन कार्य के दौरान अनेक समस्या उत्पन्न हुये। जिसका जीवटता के साथ सामना करके समस्या का समाधान करते हुये अपने कार्य को पूर्ण किया। शिवरीनारायण अंचल के वैभवपूर्ण इतिहास, संस्कृति, मूर्तिकला, संग्रहालय, सरोवर, ताम्रपत्र लिपी, सिक्के, भग्नावशेष, मंदिरो, उत्खनन हुये कार्य पर अध्ययन, आदि पर लेखन कार्य पूर्ण कर अंचल की ऐतिहासिकता को प्रकाश में लाकर धरोहर के रूप में संग्रहित करना चुनौतीपूर्ण कार्य है।

शोध-पत्र का उद्देश्य:

1. अंचल के जन जीवन का विस्तार से जानकारी प्राप्त करना।
2. भौगोलिक परिस्थितियों का अध्ययन कर भविष्य के लिये जानकारी एकत्र करना।
3. दक्षिण कोसल के इस क्षेत्र के राजनैतिक तथा सांस्कृतिक इतिहास का अध्ययन करना।
4. अंचल में अवस्थित मंदिरों, प्रतिमाओं, अभिलेखों का वैज्ञानिकता की दृष्टि से अध्ययन करना।
5. अंचल में छिपे विशिष्ट कलाओं को उजागर करना।
6. विभिन्न शासकों द्वारा किए गए, जनकल्याणकारी कार्यों इत्यादि को उनके द्वारा अंकित कराए गए कलाओं के माध्यम से समाज को अवगत कराना।
7. क्षेत्रीय कलाओं को विश्वपटल पर लाकर छत्तीसगढ़ की प्राचीन सभ्यताओं की विशेषता से लोगों को परिचित कराना।

डेटा संग्रह में प्रयुक्त उपकरण – प्राथमिक स्रोत के अंतर्गत साक्षात्कार, अवलोकन, सर्वेक्षण विधि, पुस्तकें, समाचार पत्र-पत्रिकाएँ जर्नल इत्यादि से तथ्यों का संकलन किया गया है।

द्वितीयक तथ्यों का संकलन – आवश्यकतानुसार समाग्री का संकलन एवं अध्ययन।

तथ्यों का विश्लेषण – आवश्यकतानुसार समाग्री का संकलन एवं अध्ययन।

निष्कर्ष– छत्तीसगढ़ की पावन धरा, माँ शबरी की तपोभूमि शिवरीनारायण धर्म और आस्था का केन्द्र है, जहॉ भगवान नारायण स्वरुप श्रीराम जी का विग्रह के दर्शन करने दूर दूर से भक्तजन आते है। यहॉ मोक्षदायिनी चित्रोत्पला का पावन तट भक्तों को मुक्ति दिलाता है। इस प्रकार मॉ शबरी का यह नगर तथा मतंग मुनि का आश्रम ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भोगहा, मालिकराम, शिवरीनारायण माहात्म्य, अरपा प्रकाशन, बिलासपुर, पृष्ठ 15, 1988
2. त्रिपाठी, हीराराम शबरीनारायण महात्म्य, बैभव प्रकाशन रायपुर, पृष्ठ 27, 1997
3. पटेल हरि राम, छत्तीसगढ़ विशिष्ट अध्ययन, एच आर पब्लिकेशन पृष्ठ 195, 2018
4. मिश्र रमेन्द्र नाथ, छत्तीसगढ़ का इतिहास दीक्षित ब्रदर्स रायपुर, पृष्ठ 79, 1990,
5. बेहार रामकुमार, छत्तीसगढ़ का इतिहास, छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी ग्रंथ अकादमी रायपुर, पृष्ठ 55, 2018

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

किन्नरों की दयनीय दशा

डॉ. डोमन प्रसाद चन्द्रवंशी*

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शास.जे.एम.पी. महाविद्यालय, तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) भारत

शोध सारांश – किन्नर समाज मानव समाज की उत्पत्ति का अपवाद है। पुरूषों एवं स्त्रियों के बीच की स्थिति में निर्मित यह प्राणी मात्र है। इनका अपना अलग संसार है जो इनके द्वारा समाज की उपेक्षा एवं अपनों के तिरस्कार स्वरूप निर्मित एक अलग दुनिया है। ये अपने को अपनों से अलग नहीं करते अपितु अपने ही इन्हे तिरस्कृत कर घर से ही निकाल देते है। फलत ये किन्नर समाज द्वारा निर्मित प्रथम परम्परा में जाना ही समीचीन समझते है। अपनों का व्यवहार एवं समाज की भूमिका ने इनकी दशा और दिशा का दुर्गत किया है।

महेन्द्र भीष्म उपन्यास 'किन्नर कथा' में लिखते है कि 'लिंगोच्छेदन कर बनाए गए हिजड़ों की 'छिबरा' और नकली हिजड़ा बने मर्दो को 'अबुआ' कहते है ..... हिजड़ों की चार शाखाएँ होती है-बुचरा नीलिमा, मनुसा और हंसा। बुचरा जन्मजांत हिजड़ा होते हैं, नीलिमा स्वयं बने, मनसा स्वेच्छा से शामिल तथा हंसा शारीरिक कमी के कारण बने हिजडे है।'

किन्नरों की दशा एवं दिशा – परिवार एवं समाज की उपेक्षा के कारण इनकी दशा दयनीय एवं सोचनीय है ये मांगलिक अवसर पर नृत्य-गान करके एवं सार्वजनिक स्थलों पर भिक्षावृत्ति से जीविकोपार्जन चला रहे है। इन्हें देखकर आमजन एक कटु मुस्कुराहट देकर इनकी पीड़ा में आग में घी डालने का काम करते है। सामाजिक भेद भाव के कारण ही ये हमसे पृथक रहने को मजबूर हो जाते है। इनकी दयनीय दशा पर विचार करते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय ने 15 अप्रैल 2014 को एक ऐतिहासिक फैसला दिया इन्हे समाज में तृतीय लिंग का दर्जा दिया गया है। समाज में इनका स्थान तय किया गया। शिक्षा का अधिकार अनिनियम 2009 के अंतर्गत ये भी नि:शुल्क शिक्षा के अधिकारी बन गये संसद ने सन् 2016 में किन्नरों के अधिकारों के संरक्षण हेतु 'ट्रांसजेंडर पर्सन बिल' को मंजूरी दी है।

किन्नर समुदाय तिलतिल करते हुए कैसे जीवन संघर्ष करते है उसका सप्रमाण उदा. नीरजा माधव कृत 'यमदीप' है। साहित्य में किन्नर विमर्श पर आधारित यमदीप के अलावा तीसरी ताली, किन्नर कथा, गुलाम मंडी, पोस्टर बाक्स नं. 203 नाला सोपारा प्रमुख उपन्यास है।

चित्रा मुदगल पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा में किन्नरों की दयनीयता का वर्णन करते हुए लिखती है, 'जननांग विकलांगता बहुत बड़ा दोष है लेकिन इनता बड़ा भी नहीं कि तुम मान लो कि तुम धड़ की मात्र वही निचला हिस्सा भर हो। .... तुम्हारे हाथ-पैर नहीं है, ... सब वैसा ही है जैसे औरों के हैं। यौन सुख लेने-देने से वंचित हो तुम, वात्सल्य सुख से नहीं।' तृतीय लिंग वर्ग सदियों से एक पीड़ा लिए समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते आ रहे है। यदा-कदा उनकी उपयोगिता पुल्लिंग और स्त्रीलिंग धारकों से उत्कृष्ट है किन्तु सम्मान शून्य है। कन्या भ्रूण हत्या का तो कानूनी दण्ड प्रावधान है किन्तु जननांग दोष से उत्पन्न बच्चों का परित्याग करने को कही भी कोई समाजिक या कानूनी दण्ड देय नहीं है। चित्रा मुद्गल पोस्ट बॉक्स 203 में नाला सोपारा में लिखती है, 'कन्या भ्रूण हत्या के दोषी माता-पिता अपराधी हैं। उससे कम दंडनीय अपराध नहीं जननांग दोषी बच्चों को त्याग।'

हिजड़ा होना अपने आप ही भारी पीड़ा दायक अभिशाप है, इससे अधिक अपने परिवार द्वारा बार-बार अपमानित किया जाना ज्यादा ही कष्टकर है। महेन्द्र भीष्म 'किन्नर कथा' में इसी स्थिति का वर्णन करते हुए लिखते हैं, 'प्रत्येक किन्नर अभिशप्त है, अपने परिवार के बिछुडने के दंश से। समाज का पहला धात यहीं से शुरू होता है। अपने ही परिवार से अपने ही लोगों द्वारा उसे अपनों से दूर किया जाता है। परिवार से विस्थापन का दंश सर्व प्रथम उन्हें ही भुगतना पड़ता है।'

'गुलाम मंडी' में लेखिका निर्मला भुराड़िया किन्नरों के प्रति समाज के तिरस्कार से जुडे क़ई सवालों के जवाब तलाशने की कोशिश की है, किन्नर खुद अपनी व्यथा कहते है, 'हम ना, तुम्हारे जो शादी-ब्याह हो तो नाचेंगी-गाएँगी, शगुन पाएँगी मगर यूँ जो रास्ते में आ पडे ना हम, तो हिजड़ा कहकर धिक्कारोगी।'

शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार तो है किन्तु जेंडर की स्पष्टता न होने के कारण तृतीय लिंग को स्कूल में दाखिला लेने से कठिनाई होती है, तीसरी ताली उपन्यास की मंजू स्पष्ट कहती है 'हिजडे के बच्चे को कौन दाखिला देगा स्कूल में?' इस प्रकार लेखिका ने शैक्षणिक व्यवस्था पर किन्नरों की दायनीयता का प्रश्न उठाया है।

उपसंहार – किन्नर समुदाय जो संवेदना के पात्र है उन्हे यह समाज आज भी हाशिये में रखते हुए उपहास और तिरस्कार दे रहा है। यह वर्ग अपने लिए आवाज उठा तो रहा है किन्तु इनकी आवाज की यह कोशिश नक्कार खाने में तूती आवाज सिद्ध हो रही है किन्तु साहित्य जगत ने इनकी आवाज को समाज तक पहुँचाने का जो बीड़ा उठाया है वह सचमुच डूबते के लिए तिनके का सहारा बन गया है। साहित्य के माध्यम से समाज इस वर्ग को जानने लगा है इनके दुख, इनकी पीड़ा को समझने का यत्न हो रहा है।

अकेलेपन और जेंडर के अलावा बीच समाज में जीवन जीने की ललक तृतीय लिंग के संघर्ष को उजागर करता है। ये जीविकोपार्जन हेतु नृत्य, नाटक, भिक्षावृत्ति वेश्यावृत्ति जैसे राह पर चल पड़ते है इनके पीछे भी इनकी मजबूरी और समाज का अनदेखा पहलू है। हम इनसे सामाजिक दूरी बनाऐ तो ये क्या करेगें? आखिर इन्हे भी तो जीना है? जिसके लिए राह भटक जाते है, इन्हे सही मार्ग पर लाना हम सबका नैतिक जिम्मेदारी है। यदि किन्नर समाज गलत राह पर जा रहा है तो सही मार्ग पर लाने का दायित्व समूचे सभ्य समाज का है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. किन्नर कथा महेन्द्रभीष्म, अमन प्रकाशन 2011
2. यमदीप :- नीरजा माधव, सामयिक पेपर बैक : संस्करण 2021
3. तीसरी ताली : लेखक प्रदीप सौरभ : प्रकाशक वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2011 पृष्ठ -31
4. पोस्ट बॉक्स नं. 203 नालासोपारा, चित्रा मुद्गल सामाजिक प्रकाशन नई दिल्ली 2016
5. गुलाम मंडी, निर्मला भुराडिया प्रकाशक सामयिक प्रकाशन दरियागंज, नई दिल्ली
6. इंटरनेट।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

महात्मा गांधी का नैतिक दर्शन

राजेश कुमार पालीवाल*

* सहायक आचार्य (इतिहास) (विद्यासम्बल योजना) श्री द्वारिकाधीश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजसमन्द (राज.) भारत

शोध सारांश – गांधी कोई नाम नहीं विचारधारा है। इस विचार धारा को आगे बढ़ाने का कार्य पोरबन्दर गुजरात में जन्में मोहनदास ने किया उन्होंने न केवल भारत बल्कि सम्पूर्ण विश्व में अपनी विचार धारा को प्रस्तुत किया। उनकी विचारधारा में नैतिकता अपृश्यता तथा रंगभेद नीति प्रमुख थी। परन्तु उनका नैतिक दर्शन अत्यन्त व्यापक है। उन्होंने सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, धार्मिक सभी क्षेत्रों में अपने मौलिक विचार प्रस्तुत किये इनके विचार मानसिक या बौद्धिक स्तर तक ही सीमित नही अपितु उन्होंने अपने विचारों को जीने का प्रयास किया उनका नैतिक दर्शन गांधीवादी कहलाता है।
शब्द कुंजी – सत्य, अंहिसा, सत्याग्रह, सर्वोदय न्यासधारिता, साधन पवित्रता।

प्रस्तावना – महात्मा गांधी ने अपने जीवन की शुरूआत बढ़े कड़वे अनुभव से की थी। जब वह अपनी शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् प्रथम बार व्यवसाय तथा नौकरी करने अफ्रीका गये तब उनके साथ 'मेरित्सबर्ग' में उनको ट्रेन से धक्का देकर उतार दिया गया था।

मेरित्स बर्ग बाण्ड ने गांधी जी जीवन यात्रा को एक नई दिशा प्रदान की। वहां से उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग के बारे में विचार करने लग गये। और मानव कल्याण की विचारधारा का उदय हुआ। मानव कल्याण ही उनका नैतिक दर्शन था।

शोध विधि – प्रस्तुत शोध पत्र ऐतिहासिक एवं वर्णनात्मक दृष्टि पर आधारित है। शोध सामग्री की प्रमुख पुस्तकों से संकलित किया गया है। यह शोध पत्र द्वितीय आंकड़ों पर आधारित है।

शोध के उद्देश्य: प्रस्तुत शोध पत्र के निम्न उद्देश्य है :

1. गांधीजी के दार्शनिक विचारों को आगे बढ़ाना।
2. उनके विचारों (दर्शन के) जन मानस के जीवन में उतारना।
3. प्रत्येक व्यक्ति को उनके विचारों के अनुरूप आचरण करना।

महात्मा गांधी का नैतिक दर्शन

1. अहिंसा – इनकी नैतिक अवधारणा में अहिंसा का विशेष महत्व है। इस विचार पर या अहिंसा सम्बन्धित विचारों पर जैन, बौद्ध, ईसाई आदि धर्मों का प्रभाव दिखाई देता है। इनके इस विचार टॉलस्टॉय के नैतिक दर्शन का गांधी के दर्शन पर प्रभाव दिखाई देता है। उन्होंने अंहिसा का दो अर्थों में प्रयोंग किया। (1) सकारात्मक (2) नकारात्मक। उन्होंने कायरता को हिंसा से भी बुरा कहा। कायरता व अहिंसा एक साथ ही नहीं चल सकती है। उनके अनुसार कि व्यक्ति को मन कर्म और किसी प्रकार से दु:खही नहीं करना ही अहिंसा है। किसी व्यक्ति के प्रति निर्दयता क्रुरता आदि नहीं करना ही अहिंसा है। उनके अनुसार अहिंसा वीरों का आभुषण है।

गांधी दर्शन के अनुसार प्राणी के प्रति सद्व्यवहार और उसके प्रति प्रेम ही अहिंसा है। प्रत्येक जीव चाहे व छोटा हो या बढ़ा हो उसके प्रति दया रखना अंहिसा की भावना है।

परन्तु उनके विचार में अन्याय को सहन करना अंहिसा नहीं दूर्बलता अन्याय के खिलाफ हिंसा को उन्होंने स्वीकार नहीं किया परन्तु इसका उन्होंने विरोध भी नहीं किया।

2. सत्य – यह गांधी जी के दर्शन का परम मूल्य है। उनका सम्पूर्ण दर्शन सत्य की धारणा पर आधारित है। मुद्ता तथा अविनम्रता को वाणी द्वारा व्यक्त करना सत्य का आधार है। जो तथ्य जिस रूप में देखा सुना अथवा समझा जाये उन्हें बिना किसी स्वार्थ के लिए परिवर्तन कर मन वचन तथा कर्म उक्त तीनों ही स्तरों पर ठीक उसी रूप में व्यक्त करना सत्य है। सत्य का केवल सैद्धान्तिक रूप में स्वीकार नहीं होता अपितु व्यवहारिक रूप में दिखाई देना चाहिए। उनके अनुसार 'ईश्वर सत्य है' यह परिमार्जित तथा परिष्कृत रूप है। सत्य का क्षेत्र ईश्वर से अधिक व्यापक है। सत्य वह मूल्य है जो सदाचार से सम्बन्धित हैं। यह सदाचार का प्रतीक है। इनके विचारोनुसार 'सत्य ही ईश्वर है तथा ईश्वर ही सत्य है जो सर्वत्र विद्यमान है।' सत्य का पालन राजनैतिक धार्मिक सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर समान रूप से होना चाहिए।

3. सत्याग्रह – इसकी अवधारणा 'सरमन ऑफ द माउण्ट' से प्राप्त हुई हैं। सत्याग्रह दो शब्दों से मिलकर बना है। सत्य तथा आग्रह अर्थात् जो सत्य है उस पर जीवन पर्यन्त दृढ़ रहना तथा उसके लिए आग्रह करना। सत्याग्रह गांधी जी के अनुसार – 'अंहिसा में अभेद निष्ठा रखने वाले व्यक्ति का सत्य के प्रति आग्रह सत्याग्रह सत्य की रक्षा करना हैं। किन्तु विरोधी को कष्ट पहुंचाकर नहीं, अपितु स्वयं कष्ट सहनकर। इनके अनुसार यह आध्यात्मिक शक्ति है। इससे अत्याचारी का मन परिवर्तन किया जा सकता है।'

सत्याग्रही के लक्षण – (1) धैर्यवान (2) विनम्र (3) निर्भिक (4) मन वचन तथा कर्म में एकरूपता (5) मृदुभाषी एवं अल्पभावी (6) ईमानदार (7) आत्मसंयमी तथा अनुशासित (8) ईश्वर के प्रति आस्थावान सत्याग्रह की प्रकार ।

(1) असहयोग – सत्याग्रही द्वारा असत्य अवैद्य अनैतिक या अहितकर कानुनों तथा नियमों का सहयोग न करना।

(2) हड़ताल – कुछ समय के लिए व्यक्ति द्वारा अपने स्वधर्म का पालन न

करना अन्यायपूर्ण तथा अनैतिक कानुनों के विरूद्ध प्रतिकारात्मक प्रतिरोध प्रदर्शित करना।

(3) हिजरत – सत्याग्रही को अत्याचार के स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान पर चले जाना चाहिए।

(4) सविनय अवज्ञा – अनैतिक या अन्यायपूर्ण नियमों का उल्लंघन करना।

उपवास – सत्याग्री स्वयं आत्मशुद्धि के साथ-साथ विरोधी की आत्मशुद्धि करने का प्रयास करता है।

सर्वोदय – सर्वोदय की भावना हमें सर्वप्रथम भारतीय वैदिक साहित्य के उपनिषदों में दिखाई देती है।

'सर्वभवन्तु सुखिन्'

सर्व+उदय अर्थात सभी की उन्नति तथा कल्याण सभी का सर्वपक्षीय तथा सर्वांगीण विकास ही सर्वोदय है। गांधीजी के नैतिक दर्शन में आदर्श समाज का उद्देश्य सर्वोदय हैं। अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम हित या कल्याण ही सर्वोदय है।

गांधी जी ने सर्वोदय की अवधारणा ब्रिटिश दार्शनिक रास्किन की प्रसिद्ध पुस्तक 'यन्दजव जीम स्ववज' से प्रभावित होकर लिखी हैं इनके अनुसार सत्ता का विकेनद्रीकरण ही सर्वोदय है। वर्गविहीन राज्य विहीन समाज की स्थापना करना।

न्यास धारिता – यह दर्शन गांधीजी के आर्थिक दर्शन से सम्बन्धित है। उन्होंने ऐसे समाज की कल्पना कि जिसमें धनी-निर्धन, ऊँ-नीच का भेद नहीं हो। सभी व्यक्ति पूर्ण रूपेण विकसित हो।

'वह आर्थिक विचार धारा जिसके अनुसार पुंजीपति समाज की धरोहर रूपी पुंजी का संरक्षण करे तथा उसका प्रयोग समाज के हितार्थ करें। यह पुंजवादी तथा समाजवादी के मध्य की अवस्था है। गांधीजी के न्यासधारिता के अनुसार कोई भी व्यक्ति पुंजी या सम्पति लेकर पैदा नहीं हुआ। उसने सम्पूर्ण सम्पति प्रकृति से अर्जित की है। इसलिए सम्पति का वास्त्विक स्वामी समाज या ईश्वर है। अत: संरक्षक की भांति उस पुंजी की रक्षा करे तथा उसमें निरन्तर संवर्द्धन करेंगे साथ ही उसे अपने हित में प्रयुक्त ना करके लोक कल्याण तथा समाज के कल्याण के लिए काम में लेंगे। इस प्रकार इस आर्थिक व्यवस्था में पुंजी की उत्पादकता भी बनी रहेगी तथा शोषण न होने के कारण आर्थिक समानता भी क्रमश: दूर हो जायेगी।

रामराज्य – गांधीजी के अनुसार ऐसा राज्य जहाँ पर नैतिकता पर आधारित जनता का शासन हो तथा प्रत्येक व्यक्ति सर्वोदय को आधार बना कर अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन करता हो यह समाज पूर्णत: अहिंसा शान्ति तथा प्रेम पर आधारित हो। इसकी कल्पना गांधी जी द्वारा 'हिन्दी स्वराज' पुस्तक में की गई। प्रत्येक व्यक्ति अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन करता है तो इसकी कल्पना की जा सकती है। इसमें सत्ता का विकेन्द्रीकरण मूल आधार है। गांधी जी के अनुसार राम राज्य साधन है। जिससे व्यक्ति अपने नैतिक और आध्यात्मिक विकास कर सके।

सर्वधर्म – जब व्यक्ति अपने धर्म के साथ-साथ दूसरों के धर्मों का भी सम्मान करता है। तब विभिनन धर्मों के मध्य सामंजस्य तथा सौहार्द्र स्थापित होता है। यह विचारधारा सत्य अहिंसा प्रेम मानवता आधारित सर्वधर्म समभाव कहलाती है।

बुनियादी शिक्षा – गाँधीजी के अनुसार इस शिक्षा पद्धति और पाठ्यक्रम को इस रूप में निर्धारित और संचालित किया जावे जो विद्यार्थियां के हृदय बुद्धि तथा शरीर को शुद्ध करें।

निष्कर्ष – गांधीजी के नैतिक दर्शन में सम्पूर्ण समाज का विकास हो तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति निम्नतर से लेकर उच्चतर का विकास होना चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति में कोई भेदभाव की भावना नहीं होनी चाहिए। जिससे समाज एवं सम्पूर्ण देश का निर्माण हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अहिंसा के प्रथम चरण (1910) – महात्मा गांधी, ई-पुस्तकालय।
2. सत्य के मेरे प्रयोग – महात्मा गांधी, ई-पुस्तकालय।
3. गांधीजी एवं सत्याग्रह – विकीपिडीया।
4. सर्वोदय – महात्मा गांधी, ई-पुस्तकालय।
5. गांधीजी के दर्शन – विकीपीडिया।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

An Overview of Secularism and Religious Freedom in India

Dinesh Chaudhary* Dr. Rekha Mali**

***Research Scholar (Social Science) Pacific Academy of Higher Education and Research University, Udaipur (Raj.) INDIA**

**** Associate Professor (Social Science) Pacific Academy of Higher Education and Research University, Udaipur (Raj.) INDIA**

Abstract : Secularism, understood in the western sense, is the rigorous separation of church and state. The situation in India is very different from that in the West in that religion plays a major part in people's personal life. There is no distinction made between any faith and others in India. In India, discrimination based on religion is illegal and religious freedom is a basic right. In addition to the religious freedom guaranteed by the Indian constitution, this study attempts to examine several conceptions of secularism in India. Moreover, it provides an overview of the significance of both secularism and religious freedom in India. Our country's founding fathers ensured religious freedom as a basic right in the Indian constitution. The Indian constitution is well-equipped with a secular character, prohibiting discrimination based on religion, even though it did not contain any secular words when it was adopted. Furthermore, Nehru and Gandhi's concepts of Dharm Nirpekshta and Sarva Dharma Sambhava, respectively, have been a route towards realizing and comprehending the ideas of secularism in India. Various scholars have offered differing perspectives on the type of secularism that would be appropriate in the Indian setting. As a result, this essay emphasizes and provides a summary of religious freedom and secularism in the Indian setting.

Keywords: India, ethnic conflicts, religious conflicts, communal harmony, identity politics, economic disparities, conflict resolution, national unity, diversity, interfaith dialogue.

Introduction - India has always been a multicultural melting pot due to its diverse range of cultures, languages, and faiths. But this variety has also caused friction, which has resulted in a number of clashes between different ethnic and religious groups(Kofi, 2021). With an emphasis on the origins, effects on society, and historical evolution of these wars, this article seeks to offer a thorough examination of them. India, a country well-known for its diverse range of cultures, languages, and faiths, provides evidence of how well variety can coexist. However, underneath this beautiful tapestry is a past tainted by religious and ethnic tensions that have occasionally threatened to tear apart the country's fundamental fabric.The present research essay undertakes a thorough investigation of these disputes, revealing the complex dynamics that underlie their genesis, continuation, and influence on Indian society(Kazmi, 2023). The partition of British India in 1947 and the brushstrokes of colonial authority are visible on the canvas of India's past; these events carved out sharp religious divisions. The aftermath of this division, which was marked by millions of people migrating and the establishment of Pakistan and India(Rajan & Kumar, 2020), prepared the ground for more conflicts stemming from religious identity. Studying the past reveals how these early earthquakes continue to influence tensions now, emphasizing how important it is to comprehend the historical roots of India's ethnic and religious conflicts.Sociopolitical intricacies are at the core of many conflicts, amplifying already-existing differences and creating new ones. The emergence of identity politics, driven by rivalry for resources and electoral dynamics, has created an environment that is conducive to manipulating public opinion. Ethnic and religious affinities are being used as political weapons in a climate created by the discourse of difference and the falsification of historical accounts(Maoz & Henderson, 2020). Given this, it is critical to analyze the socio-political processes that intensify conflict and obstruct efforts to promote national unity. The shadow of economic inequality, a powerful instigator of discontent, covers the edges of these confrontations.Ethnic and religious identities are intricately intertwined with economic inequities and unequal access to healthcare, education, and opportunities. This junction feeds the flames of strife by adding to the feeling of unfairness and exclusion. Upon scrutinizing these economic fault lines in detail, it becomes evident how crucial fair development is to promoting social peace(Bulajic, 2023).We traverse the tumultuous seas of India's historical

conflicts by closely examining notable case studies, such the demolition of the Babri Masjid and the Gujarat riots. These case studies provide a prism through which to examine each conflict's actors, outcomes, and underlying reasons. By examining the connections between these occurrences, we can uncover important information about the processes that lead to conflict escalation. But these confrontations have effects that go beyond the short-term instability they cause. They erode the fundamental pillars that support the structure of a prosperous society, casting a lengthy shadow over the monument of national unity.Community violence leaves profound wounds that erode trust and collaboration amongst various populations(Yoder, 2020). We are compelled to look for comprehensive solutions that heal the divisions and open the door for an inclusive and unified India as we consider how these disputes will affect the course of the country. The media, education, and civil society play a crucial role in providing optimism in the face of these obstacles(Natil, 2022). The goal of concord is greatly aided by initiatives that support interfaith communication, dispel prejudices, and increase understanding. A model for constructing bridges over problematic waterways may be found in grassroots initiatives that unite disparate communities and allow them to work together and coexist.We set out on a voyage of reflection and investigation as we negotiate the maze of ethnic and religious strife in India. Through a comprehensive analysis of historical legacies, socio-political dynamics, and economic underpinnings, this essay aims to elucidate the intricacies that characterize India's trajectory towards a future that is both peaceful and inclusive(Natil, 2022).

India is described as a secular, democratic, socialist nation that upholds equality and human dignity in the preamble of the Indian Constitution(Palathinadiyil, 2020). Even thoughmost people in India are Hindu, the country was not religiously affiliated. Additionally, theocratic republics such as Islamic Pakistan on the east and west, Hindu Nepal in the north, and Buddhist Sri Lanka in the south surrounded the country. Regarding the preservation of religious plurality, the Indian Constitution's founders were extremely clear. India has no official state religion, despite the fact that the word "secular" was not used once in the original constitution(Srivastava, 2022). India provides equal freedom to all religions and respects them all. The founders of the Constitution envisioned a multi-cultural society with religious pluralism that went beyond simple tolerance to include the peaceful coexistence of all religions as well as the freedom of religion as a basic right(Singh & Saxena, 2021).

India is a fascinating mosaic of variety, an old continent where many different cultures, languages, and beliefs coexist(Babb, 2020). However, underneath this colorful tapestry, there is a continuous undercurrent of religious and ethnic tensions that has occasionally endangered the nation's unity. This academic paper takes readers on a fascinating journey into the core of these disputes, revealing the many threads that together create this complicated web of strife within the Indian setting. India's history is laced with periods of extreme change and turmoil, leaving behind lingering shadows that influence the nature of modern conflicts. Colonialism's aftereffects and the seismic partition events of 1947 continue to resonate, leaving an enduring mark of communal conflicts on the national psyche(Vinod, 2023).

One of the first foreign religions to reach India was Judaism. Despite being a minority in India, Jews did not face any anti-Semitic incidents from the majority population.5. Thomas the Apostle brought Christianity, the third most popular religion in India, to the country when he traveled to Kerala in 52 AD. There is a widespread assumption that Christianity originated in India around the sixth century AD, yet the exact origins of Christianity in India are still unknown.

The nation's pre-existing religious plurality and diversity suffered greatly under British control. They used communal politics and a "divide and rule" strategy, which finally resulted in the establishment of a separate country for Muslims(Khan et al., 2022). Despite the creation of Pakistan, many Muslims chose to stay in India and acknowledged it as their motherland. The writers of the Constitution chose a secular state over a theocratic Hindu state to respect the religious plurality of the nation. The liberal-democratic state established by the constitution is challenged by the society's ingrained medieval institutions and customs, which undermine the upholding of human rights.

The freedom of religion is guaranteed by the Indian constitution and largely characterizes Indian secularism (Modood& Sealy, 2021). The Indian constitution addresses religious freedom in two ways: directly and indirectly. Articles 15 and 16 implicitly guarantee religious freedom.The state is declared to be neutral toward any one religion or any belief by virtue of the two Articles, which address the rights to equality and nondiscrimination. Articles 25, 26, 27, and 28 specifically address everyone's right to practice their own or group religion. An individual is entitled to the freedom of religion because of concern for his or her "liberty" and "well-being." The person comes before and above religion, as well as the values of tolerance and equality. It is possible that this is the reason why Article 25 and other constraints on this freedom are the most heavily weighted.

Thinkers with sober minds drafted the Constitution. They established the groundwork for a liberal democratic state in the future. The constitution's several articles explicitly address the essence of religious freedom, encompassing both its societal and personal dimensions. The constitution guarantees religious freedom in a constructive and favorable manner. Although it has certain fair limitations to make it practical and realistic, it is not absolute.

Analysis Techniques : The data collected were analyzed using descriptive methods. Hypothesis tested by correlation and Chi-Square test. The descriptive statistics employed involved the use of tables, frequency, percentages and mean. The descriptive statistics used for the analyzed of the socio-economic characteristics of the respondents.

Results and Discussion: The purchase of products and their forms are influenced by age. Like urban areas this is highly visible in case of rural areas. Since the collected data covers people from different age groups, preferences and gender, therefore the following analysis is carried out in assessing the general consumer behavior in damoh city.

Five different age groups are covered by collected data From the received responses, 29.5 percent of the respondents were female, and 70.5 percent were male., where are 18-25 years old 36.5 percent, 26 – 35 years old 21.5 percent, 36-45 years old 20 percent, 45–55 years old 14 percent, and 56 above 8 percent.In the study maximum 58 percent of the respondents were from the age group of 18-35. This is the age group which spends maximum number of hours on Social Media.[12]

According to 11 percent of the respondents included in the study are not in any kind of employment. 4.5 percent of male respondents are unemployed. Whereas 6.5 percent of women are not in any kind of employment but they are successful housewives. 25.5 percent of the respondents are students. 9.5 percent are government employees, 17 percent are private employees, and 25.5 percent of the respondents are engaged in business. Among the respondents engaged in business, 21 percent are men and 4.5 percent are women. 11.5 percent of the respondents are engaged in other types of business.[13]

The frequency of use social media done by respondents. It shows that 93.5 percent of the respondents use social media, 6.5 percent of the respondents not use social media. The people follow brands on Social Media as they want to know about sales, new products etc.

The frequency of see ads on social media done by respondents. It shows that 78 percent of the respondents see ads on social media and22 percent of the respondents not see ads on social media.Almostof the respondents believe that Social Media page/website affected their vision of the brand. As most of the consumers who shop online read reviews about the brands of the products, they are buying which might affect their vision of that particular brand.

The frequency of the ads on social media influence purchase decisions done by respondents. It shows that 70.5 percent of the respondents the ads on social media influence my purchase decisions and 22 percent of the respondents not ads on social media influence my purchase decisions.

The frequency of follow influencers who promote various brands on social media done by respondents. It shows that 59.5 percent of the respondents follow

influencers who promote various brands on social media and 40.5 percent of the respondents not follow influencers who promote various brands on social media.respondents believes Social Media plays an important role in promoting a brand as it helps increase the amount of exposure which enables the brand to generate leads and increase sales.

The frequency of the recommendations of influencer's impact of purchasing on social media done by respondents. It shows that 42.5 percent of therespondent's recommend -ations of influencers of purchasing on social media done by respondents and 57.5 percent of the respondents not the recommendations of influencer's impact of purchasing on social media done by respondents.Almost take Social Media as the Electronic word of mouth as many people make purchase related decisions according to Social Media referrals.

The frequency of the perceive information (price, quality, usability, size, color, etc.) about the desired product ads on social media influence purchase decisions done by respondents. It shows that 54.5 percent of the respondents the perceive information (price, quality, usability, size, color, etc.) and 45.5 percent of the respondents not perceive information (price, quality, usability, size, color, etc.).The respondents believe that their decision was influenced by Social Media. It is because many people tend to see online reviews and comments about that particular product to choose the perfect brand and price.[14]

Conclusion: It can be concluded from this research that consumers in Damoh city are actively utilizing social media platforms as a tool in validating their purchase decisions. Social media is taken as the electronic word of mouth by majority of the respondents. Reviews and preferences by the past consumers on Social media platforms affect the decision process of potential customers. Social media users found decision-making to be easier and enjoyed the process more, when compared to those who used other information sources. The quantitative data collected by the survey showed substantial positive relationships between social media users and retail consumer behavior involvement, brand influence, and consumer behavior. Those who perceived the information on social media to be of higher quality and greater quantity than expectationswere more satisfied overall. The results overallshow that Social Media has a strong impact on the consumer decision-making process.

References:-

1. Kunal Gaurav (2017). Demographical Influence on Consumer Buying: An Empirical Investigation. Journal of Modern Management & Entrepreneurship (JMME), 7(4)- 160-164
2. Rakesh Kumar et.al. (2019). Impact of Various demographic factors on consumer behavior – An Empirical Study on Electronic Products in Rural Himachal (India). Indian Journal of Economics and Business, 19(1)- 109-127
3. Azam, M. (2019). Rural markets - A golden opportunity for marketers. Journal of Media and Communication Studies, 11(1), 18-27.
4. Reetika Gupta (2020). Demographic Comparative Study of Consumer behavior of Rural and Urban Population Towards food Brands. International Journal of Creative Research Thoughts (IJCRT), 8(1)- 1797-1807
5. PriyadarsiniPatnaik (2020). A Study on Changing Pattern of Rural Consumers' Buying Behavior. International Journal of Advance Study and Research Work, 3(12)- 12- 17
6. Akar, E., &Topçu, B. (2011). An examination of the factors influencing consumers' attitudes toward social media marketing. Journal of Internet Commerce, 10(1), 35-67.
7. AvesehAsough, SOCIAL MEDIA AND ETHICS - The Impact of Social Media on Journalism Ethics, Center for International Media Ethics (CIME),December 2012
8. Dhiman, D. B. (2023). Key Issues and New Challenges in New Media Technology in 2023: A Critical Review. Journal of Media & Management, 5(1), 1-4.
9. Dhiman B (2019) Effects of Online News Applications for Android–A Critical Analysis. European Journal of Business and Social Sciences 7: 815-819.
10. S. Mittal, A. Goel, R. Jain, (2016): "Sentiment analysis of E-commerce and social networking sites," in 3rd International Conference on Computing for Sustainable Global Development (INDIACom'16), IEEE, 2016.
11. Sharma et al., (2012)the power of "like": How brands reach (and influence) fans through social-media marketing. Journal of Advertising Research, 52(1), 40-52.
12. Primary data 2024.
13. Primary data 2024.
14. Primary data 2024.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी शहीद छितुसिंह किराड़ का योगदान का विश्लेषण

डॉ. एच. डुडवे*

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस क्रांतिकारी शहीद छितुसिंह किराड़ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीराजपुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश– उन्नीसवीं सदी के आसपास अंग्रेजों को हमारे देश में राज करते हुए दो सौ साल बीत चुके थे। उनके शोषण और अत्याचार ने व्यापक रूप धारण कर लिया था छल कपट से अपना राज चला रहे थे। अधिकत्तर राजाओं ने अंग्रेजों की ताकत के सामन घुटने टेक दिये थे। परन्तु कुछ वीर ऐसे थे जिन्होने हार नहीं मानी और आखरी दम तक विरोध करते रहे। ऐसे ही वीरों में से एक था छितुसिंह किराड़ मध्यप्रदेश के अलीराजपुर के पास के सौरवा गांव के वीर स्वतंत्रता सेनानी थे, यह ऐसा समय था जब जनजातीय समाज पर अटूट अत्याचार और शोषण होता था। 1889 में पुरे क्षेत्र में ऐ जानलेवा अकाल पड़ा। भूखमरी के कारण बहुत लोग मर रहे थे, किन्तु राजा के तरफ से लोगों कोई मदद नहीं की गई। एक तरफ जहां जनजातीय समाज के लिए खाने के लाले पडे हुए थे और अंग्रेजों शासन जनता से लगान वसुलते थे। ब्रिटिश शासन और स्थानीय जमींदारों के अत्याचारों के विरूद्ध संघर्ष किया। इस संघर्ष के कारण वे अपने भीलों की एक सेना तैयार करके बाजारों में गोदामों से अनाज लुटना शुरू कर जैसे– नानपुर, छकतला, भाभरा आदि गांवों में लुटना शुरू किया और लुटा हुआ अनाज सब लोगों के बीच बांट दिया करता था। ब्रिटिश शासन अनेक पकड़ेन के लिए कई प्रयास किए और अंतत: विश्वसघात के कारण वे गिरफ्तार कर लिया गया। ब्रिटिश सरकार अनेक अमानवीय यातनाएँ दी गई, लेकिन वे झुके नहीं। अंतत: उन्हें शहीद कर दिया गया। उनका विद्रोह से जनजातीय समाज में स्वतंत्रता की चेतना जगाई और आगे के जनजातीय आंदोलनों को प्रेरित किया।

शब्द कुंजी– छितुसिंह किराड, जनजातीय, स्वतंत्रता संग्राम, ब्रिटिश शासन, आन्दोलन।

प्रस्तावना – भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मुख्य रूप से 1857 की क्रांति और गांधीवादी आंदोलनों पर अधिक ध्यान दिया जाता है, लेकिन जनजातीय विद्रोहों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं रहे। मध्य प्रदेश अलीराजपुर जिले के ग्राम सोरवा में देश के महान क्रांतिकारी योद्धा छितुसिंह किराड़ का जन्म हुआ था वे ब्रिटिश शासन के कुशासन के विरूद्ध क्रांतिकारियों से साथ युद्ध अभियान छेड दिया था बचपन से ही वे साहसी व दुसरों के दु:ख को समझने वाले संपन्न व्यक्ति थे। समाज के प्रति सोचते थे उस समय पुरा भारत अंग्रेजों का गुलाम था। अंग्रेजों की अधीनता में भारतीय राजाओं और जागीरदारों द्वारा कर के रूप मे कर वसूली करते थे। एक समय ऐसा आया जब अलीराजपुर क्षेत्र में भारी अकाल पड़ा। उस अकाल के चलते उस समय पूरे ग्रामीण इलाकों में भुखमरी का वातावरण बन गया था किसानों के घर जो थोड़ा बहुत कुछ अनाज था, उसे जागीरदारों के माध्यम से अंग्रेज सरकार छीन लेती थी इस कारण गांवों में अत्याचार बढ़ने लगा था, राजाओं के अत्याचारों गरीब जनता और अधिक अत्याचार करते थें। गांव के लोग भूखे मर रहे थे। खाने को कुछ भी नहीं मिल रहा था। ऐसी गंभीर विपरीत परिस्थितियों में शहीत छितुसिह किराड़ ने अपने आस–पास के गांवों में संघर्षशील और साहसी लोगों की टीम बनाई तथा सबके साथ मिलकर गांव के गरीब और असहाय जनता को उस अकाल की भुखमरी से बचाने के लिए कुछ अन्न, धान कहीं से लाने की सोची। परन्तु कोई हल नहीं मिला। इस कारण उनके पास एक ही रास्ता था कि राजाओं के गोदामों में रखा अनाज लूटकर गरीब जनता को बाटकर गरीब जनजातीय समाज की सेवा की है।

शोध की पृष्ठभूमि – छितुसिंह किराड़ का संघर्ष उस समय प्रारंभ हुआ जब ब्रिटिश शासन ने भारतीय समाज की पारंपारिक कृषि व्यवस्था को बाधित किया और करों में अत्यधिक वृद्धि कर दी इस शोध पत्र में यह समझने का प्रयास किया गया है कि उन्होंने किन परिस्थितियों में विद्रोह किया, उनकी सैन्य रणनीति क्या थी, उनके आंदोलन का क्या प्रभाव पड़ा।

शोध उद्देश्य:

1. शहीद छितुसिंह किराड के जीवन और संघर्ष का अध्ययन करना।
2. जनजातीय समाज के लिए विद्रोह का ऐतिहासिक विश्लेषण करना।
3. विद्रोह से जनजातीय समाज में सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों का मूल्यांकन करना।

शोध पद्धति– यह शोध ऐतिहासिक दस्तावेजों, मौखिक परंपराओं और उपलब्ध साहित्य के अध्ययन पर आधारित है। इसके लिए प्राथमिक आंकडे जैसे– शासकीय अभिलेख, समाचार पत्र, पत्रिकाएँ और द्वितीय आंकडे इतिहासकारों के लेख, शोध पत्र का उपयोग किया जाएंगा।

क्रांतिकारी शहीद छितुसिंह किराड़ का ब्रिटिश शासन के विरूद्ध विद्रोह के कारण:

1. ब्रिटिश शासन के बढ़ते अत्यचार, अत्यधिक कर वसूली और किसानों की जमीन को जब्त करना।
2. राजाओं और स्थानीय साहूकारों द्वारा जनजातीय समुदायों का शोषण करना।
3. जनजातीय समाज में स्वतंत्रता की भावना और स्वशासन की इच्छा।

संगठित आंदोलन और युद्ध रणनीति बनाना – क्रांतिकार शहीद छितुसिंह किराड़ के द्वारा दुकानदारों और साहूकारों के गोदामों में अनाज को ढेर लगा हुआ था। इस अनाज को व्यापारी गुजरात में बेचकर मुनाफा कमाते थे। लोग बहुत तकलीफ में थे। धीरे–धीरे उनमें गुस्सा पनपने लगा छितुसिंह ने तय किया की वो भीलों की एक सेना तैयार करके बाजारों में गोदामों से अनाज लुटना शुरू किया। लुटा हुआ अनाज सब गरीब जनजातीय परिवारों के बीच बांट दिया जाता था। इन लुट के लिए ही यह आंदोलन शुरू किया गया।

अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष – छितुसिंह किराड़ ब्रिटिश शासन से दबाने के लिये वह अंग्रेजों से मदद् लेने जा पहुंची। शहीद छितुसिंह किराड को जब यह बात मालुम पड़ी तो उसने भी अपनी सेना बढानी शुरू कर दी वैसे ही उसका सैन्यबल काफी अधिक कर चुका था दुर–दुर से उसमें जुड़ने के लिये लोग आ रहे थे। शहीद छितुसिंह किराड़ ने अपने लोगों को जंगल में छुपा दिया। अंग्रेजों से टक्कर लेने के लिये दादु मकरानी से भी की मद्द मागी और उसका साथ दिया। अंग्रेज सेना और घोडो पर आ पहुँचे। उनके पास तरह–तरह के हथियार थे, इनमें बंदुक और भाले भी शामिल थे। जोरदार मुकाबला हुआ। लड़ाई में दाद मुहम्मद मारा गया। छितुसिंह किराड़ भाग कर गुजरात में जाम्बुखेडा चला गया। जहां उसे पकड़ लिया गया। 1883 में छितसिंह किराड़ को जेल में बंद कर दिया गया।

विद्रोह का जनजातीय पर प्रभाव– जनजातीय समुदायों में इस संघर्ष से स्थानीय किसानों में स्वतंत्रता की चेतना जगाई और अंग्रेजों और जमीदारों के विरूद्ध में छोटे– छोटे विद्रोह शुरू हो गई। ब्रिटिश हुकूमत और स्थानीय जमीदारों के अत्याचारों के विरूद्ध संघर्ष किया। उनका यह बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय आंदोलनों की भूमिका को सशक्त बनाया। ब्रिटिश प्रशासन को यह अहसास हुआ कि भारत मे अब शासन करना आसान नहीं होगा।

निष्कर्ष– शहीद छितसिंह किराड़ का संघर्ष के कारण भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में यह घटना अद्वितीय स्थान रखता है उन्होने न केवल अंग्रेजों के विरूद्ध लडाई लडी बल्कि किसानों और जनजातीय समुदायों के अधिकारों की रक्षा भी की। उनका बलिदान जनजातीय समुदायों के महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अलीराजपुर स्टेट गजेटियर 1908 ई.
2. झाबुआ कल और आज।
3. अलीराजपुर स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट1914–15
4. मालवा के राठौड़।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

शुंगकालीन धार्मिक नीति एवं ब्राह्मण

डॉ. श्री कान्त मिश्र*

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शास. महा. मार्तण्ड महाविद्यालय, कोतमा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – पुष्यमित्र शुंग का शासनकाल वैदिक अथवा ब्राह्मण धर्म का पुनरुत्थान काल माना गया है। पुष्यमित्र को गोसुंडी अभिलेख में 'सर्वतात का शंकर्षण तथा वासुदेव का पुजारी और अश्वमेध यज्ञ करने वाला' कहा गया है।[1] कालिदास रचित मालविकाग्निमित्र नाटक और अयोध्या शिलालेख से भी पुष्यमित्र शुंग द्वारा सम्पन्न अश्वमेध यज्ञ का विवरण मिलता है। अत: इन विवरणों से स्पष्ट है कि पुष्यमित्र शुंग ब्राह्मण धर्मावलंबी था। पतंजलि जैसे संस्कृत पंडित उसके राजपुरोहित हुए थे। इसलिए पुष्यमित्र के शासनकाल में संस्कृत साहित्य और ब्राह्मण धर्म और संस्कृति का प्रचार-प्रसार स्वाभाविक था। पुष्यमित्र के शासनकाल में महाभारत का दूसरा संस्करण और मनुस्मृति का प्रथम संस्करण सम्पादित हुआ था। पतंजलि के महाभाष्य और गार्गी संहिता को भी इस युग में ही संकलित किया गया। पुष्यमित्र शुंग ने वैदिक धर्म को राजधर्म बनाया तथा पाली के स्थान पर संस्कृत को राजभाषा का रूप प्रदान किया। इस काल में ब्राह्मण धर्म का एक प्रमुख लोकप्रिय धर्म 'भागवत धर्म' का उदय और प्रसार हुआ, जिसकी जानकारी हेलियोडोरस के बेसनगर स्तम्भ लेख से होती है।[2]

वैदिक युग में यज्ञों को विशिष्ट महत्ता प्राप्त थी। अश्वमेध यज्ञ राजकीय संरक्षण में हुआ करते थे। डॉ0 बी0 ए0 स्मिथ ने इन यज्ञों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लिखा है, 'पुष्यमित्र के स्मरणीय अश्वमेध यज्ञ से उस ब्राह्मण प्रतिक्रिया का प्रारम्भ होता है जो समुद्रगुप्त तथा उसके उत्तराधिकार के काल में पाँच सदियों के बाद पूर्ण विकसित हो गयी।'[3]

बौद्ध साहित्यों में पुष्यमित्र शुंग का बौद्ध विरोधी के रूप में वर्णन किया गया है। 'दिव्यावदान' में पुष्यमित्र को 84 स्तूपों को नष्ट करने वाला कहा गया है। इस ग्रंथ के अनुसार 'पुष्यमित्र स्तूपों को तोड़ता हुआ सांकल (स्यालकोट) पहुँचा और यहाँ उसने घोषणा की कि जो व्यक्ति उसे जितने बौद्ध श्रमण का सिर काट कर देगा, उसे 100 दीनार दिया जायेगा।' आर्यमंजूश्रीमूलकल्प और बौद्ध इतिहासकार तारानाथ भी दिव्यावदान का समर्थन करते हैं। इसी आधार पर पुष्यमित्र को बौद्धों का विरोधी और प्रतिक्रियावादी ब्राह्मणों का नेता माना जाता है। किन्तु दिव्यावदान के वर्णन के विरोध में यह तर्क दिया जाता है कि दिव्यावदान पुष्यमित्र शुंग के समकालीन नहीं अपितु बाद की रचना है तथा इसमें कई अविश्वसनीय बातें कही गयी है। उदाहरणार्थ दिव्यावदान में पुष्यमित्र को 'मौर्यवंशीय' कहा गया है।

इस ग्रंथ के अनुसार पुष्यमित्र ने सांकल में यह घोषणा की थी कि वह श्रमण सिर प्रस्तुत करने पर 100 दीनार देगा। इस विषय में उल्लेखनीय है कि पुष्यमित्र के समय में 'दीनार' नामक मुद्रा का प्रचलन ही नहीं हुआ था तथा सांकल भी उसके साम्राज्य में नहीं था। अत: दिव्यावदान के आधार पर पुष्यमित्र को बौद्ध विरोधी नहीं कहा जा सकता है। दिव्यावदान एक बौद्ध ग्रंथ है अत: ब्राह्मण धर्मावलम्बी राजा की आलोचना करना स्वाभाविक ही था अनेक ऐसे प्रमाण मिलते हैं, जिससे पुष्यमित्र के धर्म-सहिष्णुता के विषय में पता चलता है। स्वंय 'दिव्यावदान' में ही यह उल्लेख है कि पुष्यमित्र शुंग ने कुछ बौद्ध व्यक्तियों को मंत्री नियुक्त किया था। मालविकाग्निमित्र नाटक से भी ज्ञात होता है कि पुष्यमित्र का पुत्र अग्निमित्र जब विदिशा का गवर्नर था तब उसके राजदरबार में भगवती कौशिकी नामक बौद्ध स्त्री थी।

इसके अतिरिक्त शुंग काल में ही भरहुत, बोध गया तथा साँची के स्तूपों को नया रूप प्रदान किया गया। भरहुत स्तूप की प्राचीर पर 'सुगनंरजे' लिखा होना, इस तथ्य की पुष्टि करता है कि स्तूप का यह भाग शुंग काल में ही निर्मित हुआ था। शुंग शासकों में चूँकि पुष्यमित्र शुंग ही सर्वाधिक शक्तिशाली शासक था, अत: उसकी नीतियों का ही अन्य शुंग शासकों ने अनुसरण किया था। पुष्यमित्र अथवा उसके उत्तराधिकारियों में से ही किसी ने स्तूपों को नया आकार दिया होगा।

पुष्यमित्र नि:संदेह एक धर्म सहिष्णु शासक था, जिसकी पुष्टि इतिहासकार हेमचन्द्र राय चौधरी ने किया है। वे लिखते हैं, 'यद्यपि पुष्यमित्र के वंशज कट्टर हिन्दू थे, किंतु वे असहिष्णु नहीं थे, जैसा कि कुछ लेखकों ने कहा है।'[4] इस विषय में डॉ0 रमाशंकर त्रिपाठी ने लिखा है, 'इसमें कोई संदेह नहीं कि पुष्यमित्र ब्राह्मण धर्म का संरक्षक और उत्साही हिन्दू था, परन्तु भरहुत के बौद्ध स्तूप और वेदिका जिनका निर्माण शुंग काल के शासन में हुआ था, नि:संदेह दिव्यावदान की कहानी के विरुद्ध पड़ते हैं और पुष्यमित्र की असहिष्णुता को निर्मूल कर देते हैं।'[5]

इस विषय में ई0 बी0 हैवल का कथन भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। हैवल के अनुसार, 'बौद्ध ग्रंथों में वर्णित पुष्यमित्र द्वारा बौद्ध मठों के विनाश करने में यदि सत्यता भी हो तो भी यह निश्चित है कि ऐसा उसने बौद्ध धर्म के विनाश के लिए नहीं वरन् उनके (बौद्धों के) संघों, जो राजनैतिक शक्ति के केन्द्र बन गये थे, के विनाश के लिए किया था।'[6]

पुष्यमित्र शुंग एक महान सेनानी, कुशल संगठनकर्ता तथा दूरदर्शी शासक था। सेना के समक्ष अपने सम्राट की हत्या कर देने का साक्ष्य भारतीय इतिहास में बहुत कम मिलती है। इस घटना से यह सिद्ध होता है कि पुष्यमित्र शुंग एक कुशल सेनापति था तथा उसे अपने सभी सैनिकों का पूर्णत: विश्वास प्राप्त था। यद्यपि कई विद्वान इतिहासकारों ने उसके इस कार्य की

घोर निंदा की है, किंतु देश की रक्षा करने के लिए पुष्यमित्र शुंग के लिए यह नितान्त आवश्यक था।

पुष्यमित्र शुंग ने विदेशी यवन आक्रमणों का दृढ़ता से सामना किया तथा अपनी सामरिक प्रतिभा का परिचय देते हुए न सिर्फ साम्राज्य की रक्षा की, बल्कि साम्राज्य का संगठन कर उसे शक्तिशाली भी बनाया। पुष्यमित्र अपने सांस्कृतिक कार्यकलापों के कारण भी अधिक प्रसिद्ध था। पुष्यमित्र शुंग ने पतनोन्मुख ब्राह्मण धर्म और वैदिक संस्कृति को न सिर्फ पुनर्जीवित किया बल्कि विलुप्त हो रहे गौरव को उच्च शिखर तक पहुँचाया। उसने वैदिक धर्म को राजधर्म घोषित किया तथा पाली के स्थान पर संस्कृत को राजभाषा का रूप प्रदान किया। इस प्रोत्साहन के परिणामस्वरूप पतंजलि के महाभाष्य तथा मनुस्मृति की रचना हुई। स्पष्ट है कि पुष्यमित्र शुंग ने राजनीतिक उपलब्धियों के साथ-साथ सांस्कृतिक उपलब्धियों को भी प्राप्त किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गोसुंडी अभिलेख।
2. हेलियोडोरस का बेसनगर स्तम्भ लेख।
3. "The memorable horse sacrifice of Pushyamitra marked the beginning of the Brahmanical reaction which was fully developed five centuries later in the time of Samudragupta and his successors.'—Smith Early History of India, p. 211.
4. राय चौधरी, प्राचीन भारत का राजनीतिक इतिहास, पृ0 284।
5. "Pushyamitra was no doubt a zealous champion of Brahmanism, but the Buddhist Stupas and raining erected at Bharhut `during the sovereight of the Sungas' would hardly corroborate literary evidence regarding his ebullitions of sectarian rancor.'—— Tripathi, R. S. History of Ancient India, p. 187
6. "It is certain that it was not against Buddhism as a religion but the Sangha as a political power, that such violent means of suppression were directed.' — Havel, Aryan Rule in India, p. 123.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उदारीकरण का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. प्रतिमा बनर्जी *

*** प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्वशासी स्नातकोतर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत**

प्रस्तावना – उदारीकरण विश्व के विभिन्न देशो के बीच आर्थिक संबंधो, सहयोग और विनियम को व्यापकता तथा गहराई देने की प्रक्रिया है। व्यवहार मे यह विश्व व्यापार को निर्बाध विस्तार देने की प्रक्रिया है। दो देशो के आपसी रिश्तोय के रास्ते में उन देशो की प्रभुसत्ता, देशी कानून, परंपरांए, भू – सामरिक प्राथमिकताएं और सांस्कृतिक मान्यताएं अवरोधकों की भांति आती रहती है अत: ऐसे अवरोधो से समझौता करना, उन्हे लांघना या बदलना, किसी न किसी तरह पार करना आवश्यक है इसलिए आर्थिक सहयोग और रिश्तों की गहराई तथा व्यापकता के दायरे में कही न कही राजनैतिक सामाजिक और सांस्कृतिक संबंध भी आते है।

अपने देश की आर्थिक विकास दर को उच्च बनाये रखने के उद्देश्य की संकल्पना लिए हुए विकासशील राष्ट्रो ने अपने यहां विकसित राष्ट्रो को पूंजी निवेश की अनुमति दी और विकसित राष्ट्रो ने इसका भरपूर फायदा भी उठाया किन्तु इसके पीछे विकसिंत राष्ट्रो की पृष्ठभूमि में उनके लिए यह एक आवश्यक मजबूरी बन गयी थी कि वे अन्य राष्ट्रों में अपने पांव फैलाये। वस्तुत: विकासशील राष्ट्रो बढ़ते औद्योगीकरण से विकसित राष्ट्रो के निर्यातों,औद्योगिक उत्पादन व रोजगार में तेजी से गिरावट आने लगी और वर्ष 1988 के बाद से वे भयानक मंदी मे फंस गये। 24 औद्योगिक राष्ट्रों में 3 करोड 60 लाख लोग बेरोजगार हो गये। शक्तिशाली राष्ट्रो की बड़ी कंपनियों और बैको का दिवाला निकल गया। ऋणात्मक विकास दर और उससे बड़ी मात्रा में सामाजिक तनाव उत्पन्न हुआ। तत्पश्चात् अपने औद्योगिक पुनरूद्धार व रोजगार विकास हेतु विकसित राष्ट्रों ने 'वैश्वीकरण', 'भूमण्डलीकरण', उदारीकरण जैसी संकल्पना प्रस्तुत की और विकासशील राष्ट्रो पर यह दबाव डाला गया कि वे केवल कच्चे माल को उत्पन्न करे और निर्मित माल का उत्पादन बहुराष्ट्रीय कंपनी करे मुद्राकोष, विश्व बैक व अन्य सहायता क्लबो को निर्देश दिये गये कि वे विकासशील राष्ट्र आयात प्रतिस्थापन कार्यक्रम व निर्यातो को अनुदान बंद करे। आयात से प्रतिबंध हटाकार आयात शुल्क समाप्त करे या घटाएं और विदेशी कंपानियो को पूंजी निवेश व मुनाफा बाहर ले जाने की पूरी छूट दे, इन शर्तो को पूरा करने पर ही उन्हे ऋण दिया जायेगा। कृषि, बागवानी, मत्सयाखेट, पशु – पालन उत्पादों, मांस निर्यातो को प्रोत्साहन दिलाकर लगभग 50 से अधिक विकासशील देशो की मुद्रा का भी अवमूल्यन हुआ जिससे विकसित देशो को सभी खाद्य पदार्थ एवं खनिज कम मूल्य पर उपलब्ध हो। इस तरह समाजवाद और पूंजीवाद ने शनै: शनै: उदारीकरण के नाम पर विकासशील राष्ट्रों के आर्थिक बाजार पर कब्जा कर लिया है। आर्थिक पुननिर्माण एवं व्यापारिक बाधाओं को समाप्त करने के उद्देश्य से ही विकसित देशो ने चार प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओ का गठन किया जिसने बिना किसी बाधा व विरोध के विश्व में मुक्त बाजार का मार्ग खोल दिया। ये संस्थाएं है–

1. ब्रेटन बुड्स एक्चेंस रेट सिस्टम
2. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड)
3. विश्व बैक (वर्ल्ड बैक)
4. गैट (जी.ए.टी. जनरल एग्रीमेंन्ट ऑन ट्रेड एंड टैरिफ (आयातकर)

इन संस्थाओं की व्यापार नीतियों, वैश्विक व्यापार कार्य यानि भूमंण्डलीय कार्य व्यापार द्वारा सभी को आर्थिक सम्पन्नता, समृद्धि प्रदान करना है। यद्यपि इसमे पूरी पारदर्षिता नही है, फलत: विकासशील देशो के नागरिको का भरपूर शोषण व्यापारिक कंपानियों द्वारा किया जाता रहा है। किन्तु इसे नजर अंदाज कर भारत सहित दुनिया के तमाम देशों ने गैट समझौते को स्वीकार कर अपने यहां बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अत्यन्त सुविधा प्रदान कर इस बात की कल्पना प्रस्तुत की कि उदारीकरण अर्थव्यवस्था के माध्यम से देश के नागरिको की मूलभूत आवश्यकताओ की पूर्ति आसानी से हो सकेगी और देश आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ेगा।

सन् 1991 – 92 के पश्चात् भारतीय अर्थव्यवस्था में उदारीकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से शुरू हो गयी, ताकि भूमण्डलीकरण की दौड़ मे भारत की अपनी भूमिका निभा सके। यद्यापि उदारीकरण के पश्चात् भारत की आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार हुआ, भुगतान – संतुलन की स्थिति में सुधार हुआ, विदेशी मुद्रा में भारी बढ़ोतरी हुई और विदेशी मुद्रा का पूंजी निवेश हुआ।

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र मे विशेषज्ञों और प्रशिक्षित युवाओ के लिए रोजगार के अवसरो में वृद्धि हुई। विदेशो में रोजगार के अच्छे विकल्पों के मार्ग खुले। समाज के सभी वर्गो विशेषकर उच्च– मध्यम वर्ग को अवसर मिले। आवश्यकता से अधिक आय ने उपभोगत्तावाद को जन्म दिया। नई प्रोद्योगिकी वाली आकर्षक वस्तुओ की मांग बढ़ी। परिवहन में नई तथा आधुनिक कारों, फैशन में आधुनिक बनावट और सौन्दर्य प्रसाधन की अन्तर्राष्ट्रीय उपभोक्ता वस्तुएं भारत सहित एशिया के बाजारो मे छा गयी। आटो – मोबाइल क्षेत्र में भारी पूंजी निवेश हुआ।

बाहरी तौर पर देखने से पता चलता है कि उदारीकरण अपननाने से देश के वित्तीय हालात में काफी सुधार हआ है। रोजगार के अवसर खुलने से लोगो की आमदनी बढ़ी है और मध्यम वर्ग बड़ी तेजी से उच्च वर्ग में शामिल हो रहा है। लेकिन वास्तव में देखा जाए तो इस उदारीकरण की प्रकिया अपनाने

के बाद एवं विदेशी पूंजी निवेश के बाद देश के समक्ष अनेक तरह की चुनौतियां खड़ी हो गयी है।

उदारीकरण के फलस्वरूप उत्पन्न चुनौतियॉ :

1. उदारीकरण के बाद हुए उच्च प्रोद्यौगिकी विकास से विकासशील देशों का व्यापारिक शोषण बढ़ा है जिससे उत्पन्न ऋणजाल ने विकासशील देशों के समक्ष आर्थिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से गंभीर चुनौती खड़ी की है।
2. रोजगार के तमाम विकल्प भले ही खुले है। किन्तु नित नयी तकनीक का सामना करने की, और अपने आप को खड़ा रखने की चुनौती भी है साथ ही कामगारों में अनिश्चिता की भावना बढ़ी है।
3. उदारीकरण विकासशील देशों के पूर्ण निजीकरण का लक्ष्य लेकर आया है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को विदेशी पूंजी का गुलाम बनाने से रोकना आज एक बड़ी चुनौती है।
4. आज भारत में उपभोक्तावाद, स्वार्थपरता, धन का केन्द्रीकरण, पर्यावारण प्रदूषण, धन एवं आर्थिक शक्ति की भयंकर विषमता इसी उदारीकरण प्रक्रिया की देन है।
5. विकासशील देशों के प्राकृतिक संसाधनो पर विकसित देशों का नियंत्रण हो चुका है फलत: वे उसका भरपूर दोहन एवं शोषण कर रहे है। कृषि क्षेत्रो मे बीजों चिकित्सा क्षेत्र मे दवाओं, आटो – मोबाइल क्षेत्र में उसके कलपुर्जे आदि पर बहुराष्ट्रीय कंपनियो का दबदबा होने से नित नई चुनौतियां सामने आ रही है।
6. प्राकृतिक, मानवीय एवं पूंजीगत क्षेत्र में विदेशी प्रभाव बढ़ने से विकासशील देशों को मानवीय मूल्य, सभ्यता एवं संस्कृति के समक्ष अपने आप को बनाये रखने की चुनौती खड़ी हो गयी है।

समस्याएं – चुनौतियां जब दीर्घकालिक हो जाती है तो वह समस्या का रूप धारण कर लेती है। सन् 1991 – 92 मे आए उदारीकरण के फलस्वरूप अनेक चुनौतियां सामने दिखने लगी किन्तु धीरे – धीरे इन्होंने समस्या का रूप धारण कर भारतीय समाज, संस्कृति, सभ्यता, धर्म सभी क्षेत्रो मं चतुर्दिक हमला कर दिया है। उदारीकरण प्रक्रिया के फलस्वरूप अनेक समस्याएं देखने को मिल रही है। ऊपरी चमक – दमक के भीतर एक भयावह अंधेरा अपने पांव पसार रहा है। कुछ प्रमुख बिन्दु इस प्रकार है :

1. उदारीकरण के फलस्वरूप सर्वप्रथम स्थानीय उद्योग, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग बड़ी तीव्र गति से बंद हुए।
2. मानवीय सरोकरों और संवेदनाओं पर पूंजी की सत्ता हावी होती गयी।
3. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा बैंक, विश्व बैंक ने विकासशील देशों को ऋण देने के लिए विकसित देश की किसी विशेष कंपनी को आयात शुल्क और व्यापार शुल्क में भारी छूट देने जैसा नियम बनाकर विकासशील देशों को मजबूर करना प्रारम्भ किया।
4. विश्व व्यापार में भागीदारी बढ़ने से शक्तिशाली पूंजीवादी देशों पर गरीब देशों की निर्भरता बढ़ी है।
5. उदारीकरण के बाद से भारतीय अर्थव्यवस्था मे विश्व बैंक, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा अन्य विदेशी वित्तीय संस्थाओ का दखल बढ़ा है।
6. उदारीकरण के बाद से उच्च वर्ग – मध्यमवर्ग एवं निम्न वर्ग के बीच आर्थिक असामनता की दूरी निरंतर बढ़ रही है।
7. उदारीकरण की प्रक्रिया ने निजीकरण को बढ़ावा देकर सरकारी हस्तक्षेप को खत्म करके राष्ट्रीय सम्प्रभुता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरे पैदा किये हैं।
8. आज विश्व बैंक एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के माध्यम से चलायी जा रही भौतिक एवं आर्थिक प्रक्रिया के प्रभाव से पूंजीवाद देश विकासशील देशों पर सांस्कृतिक वर्चस्व स्थापना कर रहे है।
9. सन् 2000 तक देश मे कार्यरत 317 बडी कंपनियो ने 25 हजार करोड़ से अधिक की विदेशी मुद्रा बाहर भेजी है जबकि उदारीकरण से पूर्व देश से बाहर भेजी गयी विदेशी मुद्रा 4 हजार करोड़ से भी कम थी।
10. भारत की जैव विविधता नष्ट हो रही है जबकि उसके जैव द्रव्य प्रत्यारोपण के पेटेंट विदेशी कम्पनियां करा रही है ।
11. विदेशी पूंजी निवेशी को प्रोत्साहन देने एवं विदेशी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों पर नियंत्रण समाप्ति तथा उन्हें कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने से भारतीय उद्योग नष्ट हुए हैं तथा देशी उद्योगों पर बैंक ऋण पर ब्याज दर बढ़ी है।
12. जन उपयोगी सेवाओं पानी, बिजली, पेट्रोल, गैस दवा, खाद्यान्न तथा कृषि उत्पादों पर सब्सिडी कम होती जा रही है फलत: इनके दामों मे लगातार वृद्धि हो रही है।

सुझाव – इस प्रकार कहा जा सकता है कि उदारीकरण के फलस्वरूप कई तरह की चुनौतियां सामने आयी है जो गंभीर समस्या का रूप ले चुकी है किन्तु इसके समाधान के लिए कुछ सुधारात्मक उपाय करने वे लाभकारी सिद्ध हो सकती है। कुछ प्रमुख सुधार के उपाय इस प्रकार है –

1. सर्व प्रथम देशी उद्योगों, कुटीर उद्योगों का बढ़ावा देने के लिए कम ब्याज पर इच्छुक उद्यमी को ऋण उपलब्ध होना चाहिए साथ ही विदेशी कंपानियों के ऋण पर ब्याज दर बढ़ाना चाहिये।
2. स्कूल, कालेजो में उत्तम व्यावसायिक एवं तकनीक सिखाने संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कार्यशालाएं स्थापित कर प्रत्येक छात्र को किसी एक तकनीकी कौषल में आवश्यक रूप से पारंगत करना चाहिए।
3. पेट्रोल,गैस के स्थान पर बायोटेक्निक के संयंत्रों को बढ़ावा देना चाहिए।
4. कुछ स्थानो पर स्वरोजगार समूह सफल रहे है। इन्हे सरकारी संरक्षण देकर गांवो से शहरो की ओर का पलायन रोका जा सकता है।
5. कृषि उत्पादों पर सब्सिडी बढ़ाकर कृषि को प्रोत्साहित करने के साथ ही कृषकों को सही समय पर उनकी फसलों को उचित सरकारी मूल्य मिले।
6. विदेशी बीजों, रसायनों, मशीनों का प्रयोग रोककर देशी उपाय एवं तकनीकी को बढ़ावा दिया जाय।
7. पाश्चात्य उपभोग प्रतिमानो को बढ़ावा देने के बजाय विकासशील देशों के लोगों की मूल आवश्कयताओं की पूर्ति पर ध्यान दिया जाय।
8. कृषि बागवानी वानिकी, हस्तशिल्प पारंपरिक कुटीर, लघु उद्योगो द्वारा तथा 35 प्रतिशत जनता की आवश्यकता पूर्ति स्थानीय संसाधनो से की जाय। इसके लिए विकेन्द्रित नियोजन से देश को विकसित किया जाय।
9. विदेशी कंपनियों एवं पाष्चात्य भोगवादी संस्कृति का पूर्ण बहिष्कार हो।
10. आयात में की जाने वाली भारी छूट में कटौती कर निर्यात को बढ़ावा दिया जाय।
11. उदारीकरण के फलस्वरूप विदेशी निवेश सीमा में अप्रत्याशित छूट से

भारतीय वस्तुओं के बाजारों पर विदेशी कंपानियो के एकाधिकारी को तत्काल प्रभाव से कम करना आवश्यक है।

12. उदारीकरण द्वारा आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए इसे योजनाबद्ध तरीके से अपनाएं जाने की आवश्यकता है ताकि राष्ट्रीय आय, और सकल राष्ट्रीय उत्पाद एवं निर्यातो मे वृद्धि हो सके।

निष्कर्ष के रूप मे हम कह सकते है कि उदारीकरण से आर्थिक विकास में आर्षिक रूप से भले ही सकरात्मक प्रभाव पड़ा हो, किन्तु उसको अपनाने के बाद विकासशील देशो के समक्ष अपने अस्तित्व को बनाये रखने की चुनौती और उससे उत्पन्न समस्या बढ़ी ही है। कई देश उदारीकरण की तेज आंधी में एक सही झटके में अपनी जडो से उखड़ गये। पूर्व महाशक्ति सोवियत संघ सहित पूर्वी यूरोप के राष्ट्रों के समक्ष आर्थिक अराजकता का दौर प्रारम्भ हो गया हांलाकि भारत की जड़े भले ही मजबूत है किन्तु उस पर लगातार प्रहार हो रहे हैं। उदारीकरण प्रक्रिया को योजनाबद्ध तरीके से तथा राष्ट्रहित को ध्यान मे रखकर ही अपनाये जाने की आवश्यकता है। अगस्त 2025 में अमेरिका ने भारत से आयतित सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना पर ऐलान किया है इसका प्रभाव निकट भविष्य में हमे देखने को मिलेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. संदीप वासलेकर, 'नये भारत का निर्माण', प्रभात पब्लिकेशन, दिल्ली 2012 पृ0 -102-103.
2. कुसुमलता केडिया व अरूणा सिंह, 'दृष्टिदोष तो विकल्प कैसे', सर्व सेवा संघ, वाराणसी 1994 पृ0 - 29.
3. डॉ0 भागवती प्रकाश शर्मा, 'आर्थिक वैश्वीकरण', स्वदेशी जागरण प्रकाशन, दिल्ली 2005 पृ0 2-3.
4. वही पृ0 - 16.
5. कुमुद शर्मा, 'भूमण्डलीकरण और मीडिया', ग्रंथ अकादमी, दिल्ली पृ0 2009 - 36.
6. दैनिक भास्कर पत्रिका, दिनांक 20 अगस्त 2025.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

फसलों का शस्य संयोजन प्रतिरूप एवं गहनता बड़वानी जिले के विशेष संदर्भ में

डॉ. प्रमिला बघेल*

* सहा. प्राधयापक (भूगोल) शासकीय माधाव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – किसी क्षेत्र विशेष में फसलो के उत्पादन समूह को शस्य संयोजन कहा जाता है। फसलों के भिन्न-भिन्न अध्ययनों के साथ शस्य संयोजन के अध्ययन को महत्वपूर्ण माना जाता है जे.सी.बीवर (1954) ने शस्य संयोजन का परिचय देते हुये महत्व को व्यक्त करते हुये कहा कि-एक तो विभिन्न फसलों का महत्व अलग-अलग है, जिसको समझने हेतू शस्य संयोजन आवश्यक है दूसरा किसी क्षेत्र की फसलों का समहू वहां की भौतिक, सामाजिक, आर्थिक, ऐतिहासिक दशाओ का संयुक्त रूप होता है। तीसरे कृषि स्थानीकरण को एकाकी फसल के विश्लेषण द्वारा नही अपितु शस्य संयोजन के माध्यम से समझा जा सकता है।

उद्देश्य:

1. कृषि भूमि उपयोग के परिवर्तनों का अध्ययन करना।
2. शस्य संयोजन को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन करना।
3. बड़वानी जिले में तहसील स्तर पर शस्य संयोजन ज्ञात कर कृषि प्रादेषीकरण का निर्धारण करना।
4. जिले में शस्य संयोजन की स्थिति का अध्ययन करना।

अध्ययन क्षेत्र – भौगोलिक दृष्टि से देश के सर्वाधिक विषमताओं वाला बड़वानी जिला मध्यप्रदेश के पश्चिम भाग में स्थित है। जिले की समुद्र तल से ऊँचाई लगभग 177 मी. है। बड़वानी जिला 21°37' उत्तरी अक्षांश से 22°22' उत्तरी अक्षांश तथा 74°27' पूर्वी देशान्तर से 75°30' पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है। जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 5447 वर्ग कि. मी. है। बड़वानी जिले में 2011 की जनगणना के अनुसार 13,85,881 जनसंख्या निवास करती है। यहाँ का जनसंख्या घनत्व 255, लिंगानुपात 982 तथा साक्षरता 49.08 प्रतिशत है।

विधि तंत्र – बड़वानी जिले में शस्य संयोजन का अध्ययन करने हेतु विभिन्न शस्य संयोजन विधियों का उपयोग किया जायेगा। किसी क्षेत्र या इकाई की कृषि-जटिलताओं को समझने के लिए उस क्षेत्र में उत्पादित सभी फसलों का एक साथ अध्ययन होता है। एक फसल-प्रधान क्षेत्र में भी कुछ गौण फसलों का उत्पादन किया जाता है। अत: शस्य संयोजन का अध्ययन महत्वपूर्ण होता है। अत: शस्य संयोजन के द्वारा उत्पादन करने वाले उस क्षेत्र का गहन अध्ययन किया गया है।

बीवर विधि – शस्य संयोजन हेतू अमेरिकी भूगोल वक्ता जे.सी.बीवर को अग्रेणी माना गया है। इन्होने वर्ष 1954 मे फसलो से सम्बन्धित अध्ययन हेतु एक नई दिशा प्रदान की।

बीवर के अनुसार-यदि किसी क्षेत्र मे एक फसल उगाई जाती है तो वह कृषि भूमि एक ही फसल के अन्तर्गत मानी जाऐगी यदि किसी क्षेत्र विशेष मे दो फसल उग्गाई जाती है, तो प्रत्येक फसल के दो हिस्से अर्थात (50-50 प्रतिशत) होगा। इस प्रकार तीन फसल बोई जाने पर प्रत्येक का 33.3 प्रतिशत होगा तो वही चार फसल होने पर प्रत्येक का 25 प्रतिशत होगा। इसी प्रकार पाँच फसलो का एक साथ लेने पर प्रत्येक का 20-20 प्रतिशत हिस्सा होगा। सैद्धांतिक स्थिति कि तुलना वास्तविक स्थिति से करके बीवर महोदय ने शस्य संयोजन का निर्धारण किया सैद्धांतिक प्रतिशत से फसल के वास्तविक प्रतिशत को घटाकर दोनो का अंतर (विचलन) ज्ञात किया। मानक विचलन के वर्ग को प्रसरण कहते है।

प्रसरण : $\Sigma d2/N$

जबकि-

d = सैद्धांतिक और वास्तविक क्षेत्र के अंतर से है।

h = शस्य संयोजन मे फसलो कि संख्या से है।

इस शोध ग्रंथ के माध्यम से हमने उदाहरण के तौर पर बड़बानी जिले की कुछ मुख्य फसलो के अन्तर्गत गेहूँ, चावल, ज्वार, मक्का, चना आदि का शस्य संयोजन बीवर द्वारा प्रतिपादित मॉडल के आधार पर करने का प्रयास किया है।

बडवानी जिले कि प्रमुख फसलो का क्षेत्रफल हेक्टयर प्रतिशत

फसल	गेहूँ	चावल	ज्वार	मक्का	चना
फसलो का क्रम हेक्टयर प्रतिशत में	30.45	9.01	20.86	26.50	13.15
कृषि भूमि प्रतिशत	32.92	1.98	27.84	32.93	4.29

स्त्रोत-जिला सांख्यिकी कार्यालय बडबानी

वीवर महोदय ने शस्य संयोजन की गणना करने के लिए मानक विचलन विधि का प्रयोग किया गया है।

1. एक धान्य कृषि- एक फसल के अन्तर्गत कुल फसलों का क्षेत्र का 100 प्रतिशत।
2. दो फसल संयोजन-प्रत्येक फसल के अन्तर्गत 50 प्रतिशत क्षेत्र।
3. तीन फसल संयोजन-प्रत्येक फसल के अन्तर्गत 33.3 प्रतिशत क्षेत्र।
4. चार फसल संयोजन-प्रत्येक फसल के अन्तर्गत 25 प्रतिशत क्षेत्र।
5. पाँच फसल संयोजन-प्रत्येक फसल के अन्तर्गत 20 प्रतिशत क्षेत्र।
6. छ: फसल संयोजन-प्रत्येक फसल के अन्तर्गत 16.6 प्रतिशत क्षेत्र।

इस प्रकार अन्य विद्ववानों में दोई महोदय कि विधि भी उपयुक्त है, जो की बीवर कि विधि का ही संशोधित रूप है वर्ष 1959 मे दोई महोदय ने अपनी विधि को बताया।

इसके उपरान्त भारतीय विद्ववानो में आर.के.बनर्जी 1963, बी.के.राय 1967, बी.एस. चौहान आदि आदि भूगोल वेत्ताओ ने शस्य संयोजन पर कार्य किये एवं बीबर महोदय कि विधि को उपयोगी बताया।

शस्य संयोजन को प्रभावित करने वाले कारक – शस्य संयोजन की योजना बनाने से पूर्व निम्नलिखित कारको पर विचार करना अति आवश्यक है, क्योकी इन कारको का शस्य संयोजन पर अत्याधिक प्रभाव पड़ता है।

1. भौतिक कारक
2. संस्कृतिक कारक
3. घरेलू आवश्यकता
4. बाजार की निकटता
5. परिवहन साधन

1 **भौतिक कारक**–शस्य संयोजन अकस्मात नही होता इसे भौतिक कारको का विशेष प्रभाव पड़ता है। जैसे :–

1. मिट्टी 2. जलवायु भिन्नता 3. धरातल 4. अपवाह

शस्य संयोजन प्रतिरूप एवं गहनता – प्राचीन काल से ही मानवों का प्रमुख व्यवसाय कृषि ही रहा है, जैसे जैसे मानव सभ्यता का विकास हुआ इसी विकास के साथ–साथ कृषि के क्षेत्र मे नवचार होता रहा जिसके फलस्वरूप कृषकों द्वारा नवीन कृषि पद्धिति को अपनाना प्रारम्भ किया, जिसके कारण शस्य संयोजन में भी परिवर्तन हुआ है।

शस्य संयोजन से तात्पर्य किसी क्षेत्र मे एक निश्चित समय में मुख्य फसलों के साथ अन्य फसलों का भी उत्पादन करना, जिसके स्वरूप में फसलों के स्थानिक वितरण, आधुनिक एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग को दर्शाता है। इस प्रकार कृषि भूमि के क्षेत्रफल एवं विस्तार, शस्य संयोजन फसल गहनता और प्रवृत्तियों को इसमे शामिल किया जाता है। किसी भी क्षेत्र में शस्य संयोजन का स्थानिक एवं कालिक विश्लेषण किया जाना आवश्य है, जिससे की वहां के कृषकों के लिये यह निर्धारित करने मे सरलता हो जाती है कि कौन सी फसल कितने क्षेत्र मे बोई जाये। यहां पर अध्ययन क्षेत्र बड़वानी जिले में वर्ष भर में दो फसले ली जाती है। पहली रबी की फसल एवं दूसरी खरीब की फसल, रबी फसल के अन्तर्गत गेहूँ , चना, सरसों, राई आदि एवं खरीब फसलों के अर्न्तगत मक्का, ज्वार, बाजरा, मुगफली, सोयाबीन, धान आदि फसलों को सम्मलित किया जाता है। इसके अतिरिक्त जायद की फसले कम बोई जाती है।

बड़वानी जिला : खरीफ फसलों के अर्न्तगत शस्य संयोजन फसल प्रतिरूप वर्ष 2011

क्र	फसल	प्रयुक्त भूमि हैक्टयर मे	प्रयुक्त भूमि का प्रतिशत
1	खाद्य फसल	117857	51.96
2	अखाद्य फसल	108945	48.04
3	योग	226802	100

स्त्रोत–बड़वानी जिला सांख्यिकीय पुस्तिका

उपयुक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि बड़वानी जिले में खरीब फसलों के अर्न्तगत प्रयुक्त भूमि खाद्य फसलों का प्रतिशत 51.96 एवं अखाद्य फसलों के अर्न्तगत प्रयुक्त भूमि का प्रतिशत 84.04 है। इस प्रकार यहां पर शस्य संयोजन स्पष्टत: नजर आता है।

बड़वानी जिला: खरीब फसलो के अन्तर्गत शस्य संयोजन व गहनता प्रतिरूप वर्ष 2011 – 2015

क्र	फसल	वर्ष				
		2011	2012	2013	2014	2015
1	मक्का	15.78	23.77	24.18	20.13	16.14
2	ज्वार	23.04	24.04	15.58	23.69	13.65
3	बजरा	20.07	20.77	18.90	22.90	17.36
4	उडद	21.78	23.99	21.80	22.77	9.65
5	मुगंफली	22.65	23.14	18.43	15.64	20.14
6	सोयाबीन	22.05	23.47	14.18	20.46	19.84

स्त्रोत– बड़वानी जिला विकास पुस्तिका 2016

उपरोक्त तालिका में शस्य संयोजन प्रतिरूप गहनता को समझने हेतु खरीब फसलों के अर्न्तगत खाद्य फसलों कि प्रयुक्त भूमि में बोई गई फसले एवं प्रति वर्ष उत्पादित फसले कि.ग्रा. में ली गई है। जिससे शस्य संयोजन गहनता स्पष्ट होती है, जोकि प्रतिशत में लिया गया है। यहां पर वर्ष 2011 में मक्का का उत्पादन 15.78 कि.ग्रा. था, जो वर्ष 2015 में 16.14 कि.ग्रा. हुआ वर्ष 2011 में ज्वार का प्रति कि.ग्रा. उत्पादन 23.04 था, जो घटकर वर्ष 2015 में 13.65 कि.ग्रा. ही रहा बाजरा का प्रति कि.ग्रा. उत्पादन वर्ष 2011 में 20.07 प्रतिशत था, जो की 2015 में 17.36 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार उड़द का प्रति कि. ग्राम उत्पादन वर्ष 2011 में 21.78 प्रतिशत था, जिसमे कि वर्ष 2015 में यह उत्पादन प्रतिशत कि.ग्रा. में घटकर 9.65 प्रतिशत हुआ। मुगंफली का उत्पादन वर्ष 2011 में 22.65 था, जो की घटकर वर्ष 2015 में 20.14 प्रतिशत हुआ। इसी प्रकार सोयाबीन का प्रतिशत कि.ग्रा. उत्पादन वर्ष 2011 में 22.05 था, जो वर्ष 2015 आते आते यह उत्पादन प्रतिशत कि.ग्राम में घटकर 19.84 प्रतिशत ही प्राप्त हुआ।

बड़वानी जिला: रबी फसलों के अन्तर्गत शस्य संयोजन फसल प्रतिरूप वर्ष 2011

क्र	फसल	प्रयुक्त भूमि हेक्टयर में	प्रयुक्त भूमि का प्रतिशत
1	खाद्य फसल	46871	96.54
2	अखाद्य फसल	1678	3.46
3	योग	48549	100

स्त्रोत जिला सांख्यिकीय पुस्तिका बड़वानी

उपयुक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि बड़वानी जिले में रबी फसलों के अर्न्तगत प्रयुक्त भूमि खाद्य फसल कि अपेक्षा अखाद्य फसल बहुत ही कम है। खाद्य फसलों में प्रयुक्त भूमि 96.54 प्रतिशत एवं अखाद्य फसलों के अन्तर्गत प्रयुक्त भूमि मात्र 3.46 प्रतिशत बहुत ही कम है। इससे स्पष्ट होता है कि रबी के मौसम में अखाद्य फसले बहुत ही कम मात्रा में बोई जाती है।

बड़वानी जिला: रबी फसलों के अर्न्तगत शस्य संयोजन व गहनता प्रतिरूप वर्ष 2011–2015

क्र	फसल	वर्ष				
		2011	2012	2013	2014	2015
1	गेहूँ	23.27	17.35	18.47	19.07	21.90
2	चना	17.45	32.12	16.21	16.76	17.46
3	गन्ना	23.73	29.42	25.24	21.61	–

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2011 में रबी मौसम में गेहूँ का

उत्पादन कि.ग्रा. में 23.27 प्रतिशत था, जो कि वर्ष 2015 में यह उत्पादन घटकर 21.90 प्रतिशत ही रहा था। चना के उत्पादन में वर्ष 2011 में 17.45 प्रतिशत था, जो की वर्ष 2015 में यह उत्पादन कि.ग्रा. में 17.46 प्रतिशत ही रहा इसी प्रकार गन्ना की फसल में यह उत्पादन कि.ग्रा. में वर्ष 2011 में 23.73 था वर्ष 2014 में यह उत्पादन घटकर 21.61 प्रतिशत ही प्राप्त हुआ।

अत: स्पष्टत: कहा जा सकता है कि रबी एवं खरीब दोंनों मौसमों की फसलों के आधार पर शोध क्षेत्र बड़वानी जिले में एक क्षेत्र में एक फसल के साथ अन्य फसलों का भी उत्पादन किया जाता है। जिससे यहां पर शस्य संयोजन एवं शस्य गहनता स्पष्ट होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नीरज कुमार जाँगिंड, डॉ. सीमा श्रीवास्तव (जयपुर जिले के शस्य वितरण प्रतिरूप समस्याएं एवं सम्भावनाये)
2. जिला सांख्यिकी पुस्तिका बाड़वानी।
3. कृषि भूगोल R.C. तिवारी, पब्लिकेशन।
4. हरीष कुमार खत्री, कृषि भूगोल कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
5. कृषि भूगोल-संजय गुप्ता, मनोज सिंह(रमेश पब्लिश हाऊस नई दिल्ली।)
6. इन्टरनेशल नजनरल आफ हिम्यूनिटिस एंण्ड सोसलसांइस रिसर्च अव1 .5 वर्ष 2019

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आदिवासियों की व्यय संरचना एवं ऋणग्रस्तता

डॉ. राकेश कुमार चौहान*

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय, कुक्षी (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – आदिवासियों की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण पहलू व्यय संरचना भी है। व्यय-संरचना के अंतर्गत विभिन्न मदों जैसे भोजन एवं शिक्षा पर व्यय, सामाजिक कार्यों, ऋणों का भुगतान एवं अन्य कार्यों पर व्यय करने की स्थिति को शामिल किया गया है। आदिवासियों के संबंध में पूर्व में अनेक विद्धानों ने स्पष्ट किया है कि आदिवासी लोग जितनी भी आय प्राप्त करते हैं, उसका सर्वाधिक भाग विभिन्न मदों पर व्यय कर देते हैं अर्थात् वे बचत नहीं करते हैं या फिर बहुत कम लोग बचत कर पाते हैं।

शब्द कुंजी – आदिवासी, व्यय संरचना, ऋण्ग्रस्तता।

प्रस्तावना – आदिवासियों की अर्थव्यवस्था जीवन-निर्वाह अर्थव्यवस्था के रूप में पहचानी जाती है। इनकी अर्थव्यवथा से जुड़ा एक और पहलू ऋणग्रस्तता भी है। आय के निम्न स्तर और व्यय की अधिकता के कारण आदिवासियों को अक्सर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में उन्हें अपने जीवन-निर्वाह एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विभिन्न स्त्रोतों जैसे सरकारी संस्थाओं, साहूकारों आदि से ऋण भी लेना पड़ता है और इस ऋणग्रस्तता के कारण उनके समक्ष और कई प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न हो जाती हैं।

शोध विषय का चयन – शोध कार्य के लिए मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य झाबुआ जिले का चयन किया गया है। झाबुआ जिले **'आदिवासियों की व्यय संरचना एवं ऋणग्रस्तता'** विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है। आदिवासी परिवारों की व्यय संरचना एवं ऋणग्रस्तता से संबंधित बिन्दुओं का अध्ययन करने के लिए इस शोध विषय का चयन किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. आदिवासियों की व्यय संरचना का अध्ययन करना।
2. आदिवासियों ऋणग्रस्तता की स्थिति का अध्ययन करना।

मत्स्यपुराण के अनुसार, 'ब्राह्मण ग्रन्थ और वेदों के शब्द, ये देवताओं की निर्देशक मूर्तियां हैं, जिनके अंत: करण में इनके और ब्रह्म का संयोग बना रहता है, वह संत कहलाते हैं।

अर्द्ध ऋचौ: उक्थानाम् रूपम् पदै: आप्नोति निविद:।
प्रणवै: शस्त्राणाम् रूपम् पयसा सोम: आप्यते।[1]

अर्थात् जो संत वेदों के अर्ध वाक्यों को पूरा करता है, आंशिक वाक्यों को स्रोतों के रूप में प्राप्त करता है, जैसे शस्त्रों को चलाना जानने वाला उनका पूर्ण रूप से प्रयोग करता है ऐसे ही पूर्ण संत सत्य को समझकर सोमरस (दिव्य ज्ञान) प्राप्त करते हैं।

साधु चरित सुभ चरित कपासु। नीरस बिसद गुनमय फल जासु।
जो सही दु:ख पर परछिद्रा दुरावा। बन्दनीय जेहि जग जस पावा।।[2]

मलिक मुहम्मद जायसी भी अपने पद्मावत काव्य में ईश्वर के स्वरूप का वर्णन करते हैं

अलख अरूप अबरन सो कर्ता, वह सब सो सब ओहि सो बरता।
प्रगट गुपत सो सरब बियापी, धरमी चिन्ह चिन्ह नहीं पापी।।[3]

अर्थात् वह सृष्टिकर्ता किसी से लिखा नहीं जाता, वह रूप, रंग से रहित है। वह सब में व्यवहार कर रहा है। वह प्रकट या गुप्त सब में समाया है, केवल धर्मात्मा उसे पहचानते सकते है, पापी व्यक्ति नहीं।

शब्द कुंजी – परमार्थ, ब्रह्म, साधक, धूणी, संगत, सत्संग, सतगुरू, पीठाधीश्वर, समाधि, सतलोक, अलख।

प्रस्तावना – सांगलिया धूणी भारत के राजस्थान राज्य के सीकर जिले में स्थित गांव सांगलिया में स्थित है। सांगलिया धूणी के संतो की ख्याति जग में प्रसिद्ध हो चुकी है। इस धूणी के संतों बाबा लक्कड़दास, बाबा खींवादास, बाबा ओमदास के सामाजिक सुधारों और सांस्कृतिक जागरण ने इस स्थान को वो महता दिलवाई है जोकि कलयुग के कठिन समय में जीवन से परेशान, बीमारी से ग्रसित, तनाव से भरे हुए लोगो के लिए संजीवनी बन चुका है। यहाँ आने वाला साधक, भक्त, दु:खी, याचक, श्रद्धालु सभी को आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है और सभी सांसारिक कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। सांगलिया धूणी की शाखाएँ भी फैली हुई हैं जैसे अड़कसर, मावा, रूल्याणी, मुकुंदगढ़, सीकर आदि भी प्रसिद्ध है।

सांगलिया धूणी की स्थापना और इतिहास– सांगलिया ग्राम राजस्थान राज्य के सीकर जिले में स्थित है। यहां किसी वक्त सांगा बाबा आए थे इनके नाम से ही गांव का नाम सांगलिया पड़ा।अखिल भारतीय सांगलिया धूणी संपूर्ण भारतवर्ष में एक प्रसिद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल है। ये स्थान अपनी आध्यात्मिकता और धार्मिक, सामाजिक क्रियाकलापों के लिए विश्वविख्यात है।इस स्थान की स्थापना बाबा लक्कड़दास जी महाराज ने आज से लगभग 350वर्ष पूर्व की थी। इन्होंने धूणी माता की स्थापना की और इस स्थल को अपना साधना और तपस्या का केंद्र बनाया। लक्कड़ दास जी के लिए दोहा भी प्रचलित है।

आदु धाम धन्या की दरगा, सांगलयो है गांव।
सायब एक शकल में व्यापे , लक्कड़ स्वामी नाँव।।

यहां पर साधक और भक्त अपनी आस्था और मनोकामना पूर्ति हेतु आते रहते हैं।

सांगलिया धूणी के संतो का परिचय–सांगलिया धूणी के प्रमुख प्रसिद्ध संतों का संक्षिप्त विवरण एवं परिचय निम्नलिखित है –

1. **लक्कड़दास जी महाराज –** जनश्रुतियों के अनुसार बाबा लक्कड़ दास जी महाराज ने यहां गांव सांगलिया में आज से 300वर्ष पूर्व अपनी समाधि लगाई थी। ऐसी मान्यता है कि ये फतेहपुर (सीकर) के सिकलीगर परिवार से थे। घूमते घूमते इनको पंजाब के अबोहर स्थान पर एक साधु मिले जो कई वर्षों से तपस्या में लीन थे। ये इनके सामने हाथ जोड़के खड़े हो गए और जब साधु बाबा ने आंखे खोली तो बोले कि मुझे भी कुछ देवो। तब इस बाबा ने अपनी धूणी से कुछ अग्नि उठाई और इनको देदी। इन्होंने अपनी शक्ति से

इसे ऐसे बांधा लिया जैसे कोई प्रसाद ग्रहण करता है। ये इसे सांगलिया गांव में लेकर आए और स्थापित की। जो धूणी माता के नाम से प्रसिद्ध है। ये अघोरी थे तो लोग इनसे डरते थे।अघोरी साधु गुरू और शिष्य की अवस्था को सार्वभौमिक मानते थे। उनका मानना होता है कि सभी मनुष्य जन्मजात अघोरी होते हैं।[4]अघोरी साधु देवी के सामने असाधारण करतब करते थे।[5]इनके 7 शिष्य थे जिन्होंने अलग अलग जगह जाकर लोगों की सेवा की।

2. **गुलाब दास जी महाराज –** आपका जन्म बिडौली (सीकर) में हुआ था। ये जांगिड परिवार से थे। लोगो की दंत कथा और बिठुड़ा के मेघदास जी महाराज के अनुसार ये पहले लड़की थे। फिर जब घरवाले इनकी शादी करने लगे तो ये भागकर लक्कड़दास जी के पास पहुंचे और बोले कि महाराज मुझे शादी नहीं करनी। तो लक्कड़दास जी ने इन्हें एक चादर ओढ़ा दी। जब घरवाले इन्हें ढूंढने आए तो महाराज बोले कि यहां तो गुलाबदास जरूर है, गुलाब बाई नहीं तो इनके घरवालों ने जब चादर उतारी तो सच में इनके दाढ़ी मूंछें आई हुई थी। तब से इन्होंने गुलाब दास जी के नाम से संत बन गए। फिर इनको महाराज ने सीकर भेज दिया जहां गुलाबदास जी की बगीची आज भी है।

3. **मंगलदास जी महाराज –** इनका जन्म डीडवाना जिले के फोगड़ी गांव में अमरसिंह जी और लाड़ कंवर के घर हुआ। इनकी माताजी साधुओं की सेवा में रहती थी और संगत करती थी। ये कम उम्र में ही जोधापुर दरबार की सेवा में लग गए। वहां इन्हें किसी बात पर बोल दिया कि इनकी माता जी तो साधुओं के साथ रहती है आप राजपूत हो। ये बात सुनकर इनको गुस्सा आया और ये घोड़े पर सवार होकर अपनी माता को मारने चले। जब घर पहुंचे तो देखा कि मां को तो पहले ही किसी ने मार दिया है। जब वे मुड़ने लगे तो इनकी माताजी जीवित इनके सामने खड़ी थी। तब इन्होंने अपनी माता के पैर पकड़ लिए और सांगलिया आकर भक्त बन गए।

4. **मीठारामजी महाराज –** इनका जन्म लोसल (सीकर) के पास स्थित भीराना गांव में हुआ था। ये लक्कड़दास जी के ही शिष्य थे। इन्होंने पशु और पक्षियों की विशेष सेवा की। पशु पक्षियों की सेवा को बड़ा पुण्य वाला माना गया है।

'चाल सखी सत्संग में चाला, सत्संग में सतगुरू आसी।
सतगुरु शरण होज्या दीवानी, नहीं तो परले बह ज्यासी।।'

5. **दुलादास जी –** इनका जन्म सांगलिया गांव में ही जांगिड़ परिवार में हुआ था। 20साल की उम्र में ही मिठाराम जी के शिष्य बन गए थे। इनकी सत्संग और भजनों में रुचि थी। ये बाद में पीठाधीश्वर भी बने।

6. **रामदास जी –** इनका जन्म नवलगढ़ (झुंझुनू) के सोतवारा के जोगी परिवार में हुआ था। एकबार जंगल में इन्हें एक शेर मिल गया और उसने आप पर हमला कर दिया तो आपने उसे तलवार के एक ही वार से मार दिया। आप भी सांगलिया पीठ पर सुशोभित रहे। इनकी समाधि नवलगढ़ में स्थित है।

7. **मानदास जी –** इनका जन्म मेहरौली गांव (सीकर) के राजपूत परिवार में हुए। आप बचपन से आध्यात्मिक प्रवृत्ति के थे । आपने ठाठ बाट को ठोकर मारकर साधु जीवन अपना लिया। सांगलिया आकर रामदास जी के परम शिष्य बन गए। आप पीठाधीश्वर भी बने और दीन दुखियों की सेवा की।

8. **लादू दास जी –** इनके पिताजी का जन्म डीडवाना जिले के मकराना में स्थित अमरसर गांव में हुआ। बाद में ये कुंडल की ढाणी, सीकर में रहने लगे। लादूदास जी महाराज, मानदास जी के शिष्य बन गए। बाद में ये सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर भी बने। इनकी बाबा खींवादास जी पर विशेष कृपा रही। आपका देवलोकगमन 6 फरवरी 1966 ई. रविवार के दिन हुआ। आपने अंग्रेजो के जमाने में प्राथमिक विद्यालय, 4कुंए और अस्पताल भी बनवाया।

9. **मौजीदास जी महाराज**

आपका जन्म डीडवाना जिले के खाखोली गांव में त्रिलोकचंद जी और दल्लू देवी की कोख से विक्रम संवत् 1958 ई. भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13 को हुआ था। आपके बचपन का नाम हीरालाल था। बाल्यकाल में ही आपकी शादी दौलतपुरा गांव में हो गई थी।आपकी मनमौजी प्रवृत्ति के कारण मौजीदास जी आपका नाम पड़ा। बाद में वैराग्य की चरम सीमा पर उन्हें सांगलिया आकर मान दास जी के शिष्य बन गए। कहते हैं कि गुरु को योग्य शिष्य मिल जाए तो गुरु की महिमा बढ़ जाती है।गुरू के आशीर्वाद से शिष्य का यश और तेजस्वी शिष्यों से गुरू का यश बढ़ता है।[6]अपने जीवन में आपने हजारों पर्चे दिए और लोगों की सेवा की। आपने अल्प समय के लिए सांगलिया पीठ के अधिाश्वर भी रहे बाद में आपने सांगलिया के समीपवर्ती गांव अड़कसर में अपनी तपोभूमि स्थापित की।

10. **खींवा दास जी**

आपका जन्म डीडवाना जिले के लाडनूं में बिठूडा में भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा 1939 ई. को हुआ। ये खुमाराम और चौथी देवी की संतान थे। इनके पिताजी खुमाराम बिदावत पहले से ही सांगलिया धूणी से जुड़े थे। ये लादू दास जी को कोई प्रिय वस्तु भेंट करना चाहते थे। इन्होंने अपने पुत्र खींव को ही इन्हें समर्पित करदिया। ये ही बालक फिर बाबा खींवा दास जी बने।ये अच्छे भजन गया करते थे। ये पाखंडवाद, अंधविश्वास के विरोधी थे। इन्हें 1998ई. में अम्बेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। इन्होंने सांगलिया में प्रयास करके महाविद्यालय भी खुलवाया। इन्होंने गरीब लोगों की आर्थिक मदद भी की। 12 अगस्त 2001ई. को ये पुण्य आत्मा हमेशा के लिए हमें छोड़कर चली गई।

11. भगतदास जी – आपका जन्म पंचलगी गांव, नीम का थाना, सीकर में हुआ था। श्री मुखरामजी मेघवाल और श्रीमती नाथी देवी के घर इनका जन्म हुआ था। 14वर्ष की आयु में ही इन्होंने गृह त्याग करके सांगलिया आ गए और साधु बन गए। आपके पिताजी का चंडीगढ़ में कुश्ती अखाड़ा था।

महाराज शंकरदास जी एकबार वहां गए तो ये इनके साथ आ गए। ये बाबा खींवादास जी के परम शिष्य बन गए। पशु सेवा और जन सेवा इनका मूल मंत्र था। 12अगस्त 2001ई. को बाबा खींवादास जी के देवलोकगमन होने के बाद पीठाधीश्वर बने। इन्हें भजन गायन का बड़ा शौक था। 4फरवरी 2004ई. को ये ब्रह्मलीन हो गए और 5फरवरी 2004ई. को इनको समाधि दी गई। 2018में इनकी मूर्ति भी सांगलिया धूणी में लगाई गई है।

12. बंशीदास जी

इनका जन्म लांपवा (सीकर) में हुआ था। इनके पिता का नाम घासीराम जी बरवड़ और ग्यारसी देवी के घर हुआ था। 18 वर्ष की आयु में ही आप सांगलिया आकर बाबा खींव के शिष्य बन गए। ये प्रसिद्ध भजन गायक बने। बाबा खींव की प्रेरणा से ये दिन दुखियों की सेवा करने लगे और सत्संग करने लगे। ये भी धूणी के पीठाधीश्वर बने। इन्होंने लाखों लोगों का दु:ख दर्द दूर किया। सांगलिया महाविद्यालय को इन्होंने स्नातकोत्तर का दर्जा दिलवाया। बाबा लक्कड़दास जी आश्रम और महाविद्यालय के बीच में विश्राम गृह भी बनवाया।

13. ओमदास जी

इनका जन्म डीडवाना जिले के बरड़वा गांव में 11नवंबर 1991ई. को नारायणराम जी मेहरड़ा और श्रीमती यशोदा देवी के घर हुआ था। छ: भाई बहनों में दूसरे स्थान पर होने के कारण लाड प्यार से आपका पालन हुआ। इनके पिताजी राजकीय सेवा में होने से घर से बाहर इनका बचपन बीता। आपकी प्रारंभिक शिक्षा मौलासर (डीडवाना) में हुई। सांगलिया, जोधपुर, बरड़वा, सुद्रासन और बेरी से कक्षा 12 तक आपने शिक्षा प्राप्त की। 2015–16ई.में ही आपने सांगलिया महाविद्यालय से स्नातक परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर नाम रोशन किया।

बाबा बंशीदास जी के आप प्रिय शिष्य बने। 2001 ई. से ही आपने यहां आने वाले यात्रियों की सेवा, पशु सेवाया अन्य सेवा करके बंसीदास जी के साथ साए की तरह रहे। इनकी योग्यता और सेवा भावना को देखते हुए संपूर्ण ग्रामवासियों ने फरवरी 2017 ई. को आपको सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर पद पर विराजमान किया।आपने बामणी तलाई से अड़कसर तक सड़क बनवाई। आपने जून 2018ई. को स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय खुलवाकर शिक्षा जगत में नई दिशा दी है। इन्होंने पूर्व के संतो की समाधियों पर मीनाकारी कार्य भी करवाया है। इन्होंने 29 और 31 जुलाई 2018ई. को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाकर इन्होंने दिन दुखियों की सेवा की है । 13मार्च 2020ई.को इन्होंने ओमान, शारजाह, आबू धाबी की यात्रा की और जनजागरण किया।[7]

ओमदास जी महाराज कहते हैं कि दया ही धर्म का मूल है, प्रत्येक प्राणी की सेवा की जिम्मेदारी हमारी है।

ओम कहे संसार में सांचा सतगुरु देव।
तन मन धान भेंट करूं करो गुराँ की सेव।।
ओम कहे संसार में तिरन सत्संग नाव।
बैठ चलो सतलोक में जम का लगे न डाव।।[8]
सांगलपति महाराज को बारंबार प्रणाम।
शरण आए संकट कटे, पूरण हो सब काम।

सतगुरू अर्थात एक सच्चा गुरू वह है जो। अपने दर्शन, स्पर्श या निर्देशों से शिष्य के शरीर में आनंदमय अनुभूति उत्पन्न कर सके।[9]

सांगलिया धूणी का सामाजिक योगदान– सांगलिया धूणी पर पहले लोग जाने से डरते थे। बाबा खींवा दास जी ने सत्संग करके लोगों का डर दूर भगाया। बाबा खिंवादास जी ने लोगों को अपने श्री वचनों से लाभान्वित

किया। लोगों की देश विदेश में आस्था फैली। संपूर्ण भारत में इसकी शाखाएं हैं।साहेब के दरबार में कमी काहे की नाय।

जैसी तेरी भावना, वैसा ही फल पाय।।

यहां पीठाधीश्वर जी खुद ही लोगों से मिलते है, उनके दुख दर्द बांटते हैं। कोई मधयस्थ की आवश्यकता नहीं होती है। यहां असाधय रोगों, बांझपन, जादू टोने के शिकार लोग, सामाजिक बहिष्कृत लोग, पारिवारिक तनाव आदि सभी समस्याओं का समाधान हो जाता है। 1945-46 ई. में ग्राम सांगलिया में बाबा लादू दास जी के सानिध्य में प्राथमिक विद्यालय खोला गया जिसको बाबा खिंवादास जी में उच्च प्राथमिक, बाबा बंशीदास जी ने उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत करवाकर शिक्षा की अलख जगाई। इसी क्रम में बाबा खिंवादास जी ने महाविद्यालय की नींव भी रखवाई। जिसको बाबा बंशी दास जी ने पीजी तक क्रमोन्नत करवाकर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा क्रांति ला दी। जिस समय आसपास दूर दूर तक कोई महाविद्यालय नहीं था तब इन्होंने ये उल्लेखनीय कार्य किया।

ज्ञान को दान कियो जग माही, सब दानों के हितकारी।
दीन हीन दुखियों के दाता, ऐसा पर उपकारी।।

इसके अलावा गौशाला, चिकित्सालय, प्याऊ, धर्मशाला आदि भी बनाए गए हैं।

29 और 31 जुलाई 2018 को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन करके परमार्थी कार्य किया गया। सांगलिया धूणी के वर्तमान पीठाधीश्वर श्री ओमदास जी महाराज के शिष्य किशोर दास के द्धारा तीस हजार किलोमीटर लंबी भारत भूमि नमन यात्रा की जाएगी जिसके द्धारा सामाजिक समरसता का संदेश पूरे भारत वर्ष में दिया जाएगा।इस प्रकार शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक बुराइयों का उन्मूलन, जातिगत भेदभाव, छुआछूत, अन्याय के विरुद्ध इस धूणी के संतो ने उल्लेखनीय कार्य कर संपूर्ण समाज की सेवा की है।

निष्कर्ष- इस समय हमारे समाज को सामाजिक कुरीतियों और बुराइयों से लड़ने के लिए जो हिम्मत और विश्वास चाहिए, वो इस सांगलिया धूणी के संतो ने हमें उपलब्ध करवाया है। प्रत्येक मनुष्य इनके बताए गए सद्मार्ग से परम तत्व को प्राप्त कर सकता है। सत्संग और सतगुरू की महिमा का इन्होंने वास्तविक रूप में प्रयोग किया है।सत्संगति की महिमा तो सब जगह उपयुक्त मानी गई है।

नीतिशतक में भर्तृहरि जी भी कहते हैं कि '(हे मित्र!)कहिए सत्संगति मनुष्यों को कौनसा उत्तम फल नहीं देती।'

कथयसज्जनसमागम: पुसां की श्रेयो न करोती।[10]

सामाजिक सेवा के महत्ती कार्य करके ये दिखा दिया है कि सच्चे संत लोकसेवक भी होते हैं। संपूर्ण मानवता इनके सत्कर्मों की ऋणी रहेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. यजुर्वेद ,अध्याय 19, मंत्र 25
2. पोद्दार, हनुमानप्रसाद,(2014)श्रीमद्गोस्वामी तुलसीदास विरचित रामचरितमानस,बालकाण्ड, श्लोक सं.3,गीता प्रेस, गोरखपुर,पृष्ठ संख्या- 20
3. जायसी, मलिक मुहम्मद (संपादक आचार्य रामचंद्र शुक्ल,2007), लोक भारती प्रकाशन।
4. बैरेट, ए.बी., रोनाल्ड एल. (2008) परिचय, अघोर चिकित्सा : उत्तरी भारत में प्रदूषण, मृत्यु और उपचार , बर्कले: कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया प्रेस, पृष्ठ संख्या (1- 28)
5. विल्सन, एच. एच.(1861ई.)हिंदू धर्म के धार्मिक पंथों की रूपरेखा 1786ई.-1860ई., बिशप कॉलेज प्रेस, कलकत्ता। पृष्ठ संख्या (148- 149)
6. अग्रवाल, डॉ. शुचि (2021) संस्कृत साहित्य में गुरू : एक विवेचन। IJSR जर्नल।
7. रणवा,मुकेश : 'बदलाव चेतना से लेकर चरित्र तक'।
8. मेघवाल, मांगीलाल एवं वर्मा,मदन- सांगलपति भजनावली।
9. तीर्थ, स्वामीशंकर पुरुषोत्तम (1992) योगवाणी: सिद्धयोग प्राप्ति के लिए निर्देश, न्यूयॉर्क: सतयुग प्रेस, पृष्ठ सं.27।
10. शास्त्री मुसलगांवकर, डॉ. राजेश्वर (संपादक : डॉ . सुरेश कुमार अवस्थी, 2011ई.) चौखंबा प्रकाशन, वाराणसी, पृष्ठ सं.26।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. रावेन्द्र सिंह*

***क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय ठाकुर रणमत सिह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – इस शोध-पत्र का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों के बीच शारीरिक फिटनेस स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना है। अध्ययन में 14-18 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। नमूना चयन के लिए यादृच्छिक नमूना पद्धति (Random Sampling Method) का प्रयोग किया गया तथाअध्ययन में 14-18 आयु वर्ग के 100 विद्यार्थियों (50 ग्रामीण एवं 50 शहरी) को चुना गया। शारीरिक फिटनेस के मापदंडों में सहनशक्ति (Endurance), शक्ति (Strength), लचीलापन (Flexibility), और गति (Speed) को शामिल किया गया। डेटा संकलन के लिए मानकीकृत फिटनेस टेस्ट (जैसे 50 मीटर दौड़, सिट-अप, पुश-अप, स्टैंडिंग ब्रॉड जम्प, सिट एंड रीच टेस्ट) का उपयोग किया गया।परिणामों से यह स्पष्ट हुआ कि शहरी विद्यार्थियों ने गति खडशिशवग और लचीलापन (Flexibility) के परीक्षणों में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि ग्रामीण विद्यार्थियों ने सहनशक्ति (Endurance) और शक्ति (Strength) संबंधी परीक्षणों में बेहतर परिणाम प्राप्त किए। अध्ययन से यह निष्कर्ष निकला कि पर्यावरण, जीवनशैली, पोषण और शारीरिक गतिविधियों की उपलब्धता का सीधा प्रभाव विद्यार्थियों की शारीरिक फिटनेस पर पड़ता है।

यह शोध शिक्षा नीति निर्माताओं और खेल प्रशिक्षकों के लिए उपयोगी है क्योंकि यह ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में फिटनेस सुधारने के लिए अलग-अलग रणनीतियाँ अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को विद्यार्थियों की समग्र फिटनेस सुधारने के लिए उपयुक्त रणनीतियाँ बनाने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

प्रस्तावना –शारीरिक फिटनेस आज के समय में व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण आयाम है। यह न केवल शारीरिकस्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक है, बल्कि मानसिक संतुलन, सामाजिक सहभागिता और शैक्षणिक उपलब्धियों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। शारीरिक फिटनेस में सहनशक्ति (Endurance), बल (Strength), लचीलापन (Flexibility), फुर्ती (Agility) और संतुलन (Balance) जैसे कई घटक शामिल होते हैं, जो विद्यार्थी के संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।भारत जैसे विकासशील देश में ग्रामीण और शहरी परिवेश में जीवनशैली में स्पष्ट अंतर देखने को मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी प्राय: प्राकृतिक वातावरण, शारीरिक श्रम एवं पारंपरिक जीवनशैली से अधिक जुड़े होते हैं, जिससे उनका शारीरिक श्रम स्तर अपेक्षाकृत अधिक हो सकता है। दूसरी ओर, शहरी विद्यार्थियों का जीवन प्राय: तकनीकी साधनों, परिवहन सुविधाओं और स्क्रीन-आधारित गतिविधियों पर अधिक निर्भर रहता है, जिससे उनकी शारीरिक सक्रियता कम हो सकती है।

इन भिन्न जीवनशैलियों का विद्यार्थियों की शारीरिक फिटनेस पर क्या प्रभाव पड़ता है, यह जानना शोध के लिए एक महत्वपूर्ण और प्रासंगिक विषय है। इस तुलनात्मक अध्ययन का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों के बीच शारीरिक फिटनेस स्तर में अंतर को समझना, उसके कारणों की पहचान करना तथा शैक्षिक एवं सामाजिक दृष्टि से उपयोगी सुझाव प्रदान करना है।

शोध का महत्व :

1. विद्यार्थियों के स्वास्थ्य स्तर का मूल्यांकन करने में सहायक।
2. ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों की तुलना।
3. फिटनेस में अंतर को जानकर उचित नीतियाँ व खेल कार्यक्रम तैयार करने में मदद।
4. विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का माध्यम।

शोध का उद्देश्य :

1. ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों के शारीरिक फिटनेस स्तर का आकलन करना।
2. दोनों समूहों (ग्रामीण व शहरी) के बीच शारीरिक फिटनेस में अंतर को पहचानना।
3. विद्यार्थियों की जीवनशैली (आहार, शारीरिक परिश्रम, खेल-कूद में सहभागिता आदि) के आधार पर फिटनेस स्तर की तुलना करना।
4. शारीरिक फिटनेस पर भौगोलिक एवं सामाजिक-आर्थिक परिवेश के प्रभाव का अध्ययन करना।
5. शारीरिक फिटनेस सुधार हेतु ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त सुझाव एवं उपाय प्रस्तुत करना।
6. शिक्षा संस्थानों में विद्यार्थियों के शारीरिक विकास को बढ़ावा देने हेतु नीतिगत अनुशंसाएँ देना।

परिकल्पना-

- H_0 : ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों की शारीरिक फिटनेस में कोई

महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।

शोध पद्धति

शोध की रूपरेखा– यह शोध वर्णनात्मक एवं तुलनात्मक अनुसंधान पर आधारित है।

शोध का क्षेत्र– ग्रामीण क्षेत्र: चयनित गाँवों के विद्यालय/महाविद्यालय एवं शहरी क्षेत्र: चयनित नगरों/शहरों के विद्यालय/महाविद्यालय

जनसंख्या एवं नमूना:

1. **जनसंख्या :** 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी
2. **नमूना :** 100 विद्यार्थी (50 ग्रामीण 50 शहरी)
3. **नमूना तकनीक:** यादृच्छिक नमूना पद्धति

डाटा संग्रहण की विधि

मानकीकृत फिटनेस टेस्ट का प्रयोग:

1. ऊँचाई, वजन एवं ठडप – शारीरिक संरचना हेतु
2. 600/1000 मीटर दौड़ – सहनशक्ति
3. सिट एंड रीच टेस्ट – लचक
4. 50 मीटर दौड़ – गति
5. पुल-अप्स/सिट-अप्स – पेशीय शक्ति

उपकरण–

1. स्टॉपवॉच
2. स्टैडियोमीटर/माप टेप
3. वेट मशीन
4. फिटनेस टेस्ट उपकरण

आँकड़ा विश्लेषण–

1. औसत (Mean), मानक विचलन (SD), प्रतिशत
2. t-test द्वारा तुलनात्मक विश्लेषण

सीमाएँ–

1. नमूना आकार सीमित
2. केवल चयनित क्षेत्रों तक अध्ययन
3. आहार एवं सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर सीमित ध्यान

विद्यार्थियों की विशेषताएँ

ग्रामीण विद्यार्थियों की विशेषताएँ–

1. प्राकृतिक वातावरण और शारीरिक श्रम की अधिकता।
2. नियमित रूप से पैदल चलना, कृषि कार्यों एवं घरेलू कार्यों में सहभागिता।
3. भोजन में प्राकृतिक तत्वों की अधिकता, परंतु कभी-कभी पोषण संतुलन की कमी।
4. खेल के लिए संसाधनों एवं सुविधाओं की सीमित उपलब्धता।

शहरी विद्यार्थियों की विशेषताएँ–

1. आधुनिक सुविधाओं और संसाधनों की उपलब्धता।
2. खेलकूद और फिटनेस के लिए जिम, स्टेडियम और खेल मैदान।
3. शारीरिक श्रम की कमी, तकनीकी साधनों पर अधिक निर्भरता।
4. फास्ट-फूड एवं जंक फूड की अधिक खपत जिससे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव।

तुलनात्मक अध्ययन

पहलू	ग्रामीण विद्यार्थी	शहरी विद्यार्थी
शारीरिक श्रम	अधिक	कम
फिटनेस स्तर	सामान्यत: बेहतर	मध्यम से कमजोर
पोषण स्तर	प्राकृतिक भोजन, पर असंतुलन	संतुलित, पर जंक फूड का प्रभाव
सुविधाएँ	सीमित	पर्याप्त
खेल सहभागिता	परंपरागत खेल	संगठित खेल और फिटनेस गतिविधियाँ

डेटा विश्लेषण एवं परिणाम– अध्ययन के दौरान 50ग्रामीण एवं 50 शहरी विद्यार्थियों की शारीरिक फिटनेस का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। दोनों समूहों के विद्यार्थियों का डेटा विभिन्न फिटनेस परीक्षणों (जैसे BMI, 50 मीटर दौड़, लम्बी कूद, पुश-अप/सिट-अप, सहनशक्ति दौड़ आदि) के आधार पर एकत्रित किया गया। प्राप्त समंको का विश्लेषण करने पर निम्नानुसार परिणाम प्राप्त होते है–

ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की शारीरिक फिटनेस का तुलनात्मक विश्लेषण

फिटनेस परीक्षण	ग्रामीण विद्यार्थी (Mean±SD)	शहरी विद्यार्थी (Mean±SD)	निष्कर्ष
BMI (किग्रा/मी²)	20.3±1.5	23.1±2.0	शहरी अधिक (मोटापे की प्रवृत्ति)
50 मीटर दौड़ (सेकंड)	8.2±0.6	9.1±0.8	ग्रामीण बेहतर गति
सहनशक्ति (1000 मीटर)	4.25±0.35 मिनट	4.80±0.40 मिनट	ग्रामीण बेहतर सहनशक्ति
पुश-अप्स (संख्या)	32±5	25±4	ग्रामीण बेहतर शक्ति
सिट-अप्स (संख्या)	28±4	22±3	ग्रामीण बेहतर शक्ति
लचीलापन (सेमी)	15.5±2.5	17.2±2.8	शहरी बेहतर लचीलापन

ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की शक्ति और सहनशक्ति तुलना

परीक्षण	ग्रामीण विद्यार्थी (Mean±SD)	शहरी विद्यार्थी (Mean±SD)	t-value	p-value
पुश-अप (संख्या)	22.4±4.2	18.6±3.9	4.11	0.000
सिट-अप (संख्या)	28.2±5.1	24.3±4.8	3.27	0.001
लंबी कूद (मीटर)	2.8±0.3	2.5±0.4	3.45	0.001

ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों में लचीलापन और संतुलन

परीक्षण	ग्रामीण विद्यार्थी (Mean±SD)	शहरी विद्यार्थी (Mean±SD)	t-value	p-value
Sit & Reach (से.मी.)	14.8±2.6	17.3±2.9	-3.02	0.003
बैलेंस टेस्ट (सेकंड)	21.6±3.5	22.4± 3.1	-1.08	0.280
समन्वय	18.4±3.2	19.6±3.0	-1.77	0.081

ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों का समग्र फिटनेस स्कोर

समूह	औसत कुल स्कोर (Mean±SD)	रैंक
ग्रामीण	107.4±12.5	उच्च
शहरी	104.2±11.8	मध्यम

परिणाम –

बॉडी मास इंडेक्स (BMI)– ग्रामीण विद्यार्थियों का औसत BMI सामान्य सीमा (18.5–22.5) में पाया गया जबकि शहरी विद्यार्थियों का BMI अपेक्षाकृत अधिक पाया गया, जिससे उनमें मोटापे की प्रवृत्ति अधिक स्पष्ट हुई।

गति परीक्षण (50 मीटर दौड़)– ग्रामीण विद्यार्थियों का औसत समय शहरी विद्यार्थियों से कम पाया गया, जो उनकी तीव्रता (चमक) को दर्शाता है।

सहनशक्ति (Endurance test – 600 मीटर/1000 मीटर दौड़)– ग्रामीण विद्यार्थियों की सहनशक्ति शहरी विद्यार्थियों की तुलना में बेहतर पाई गई।इसका मुख्य कारण ग्रामीण विद्यार्थियों की दिनचर्या में शारीरिक श्रम एवं खेलकूद गतिविधियों की अधिकता है।

शक्ति परीक्षण (Push-ups/Sit-ups)– ग्रामीण विद्यार्थियों ने औसतन अधिक पुश-अप्स और सिट-अप्स किए जबकि शहरी विद्यार्थियों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा।

लचीलापन (Flexibility & Reach test)– शहरी विद्यार्थियों का औसत स्कोर ग्रामीण विद्यार्थियों से बेहतर पाया गया।इसका कारण योग, जिम और इंडोर फिटनेस गतिविधियों में उनकी सहभागिता हो सकती है।

परिकल्पना परीक्षण– H_0: ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों की शारीरिक फिटनेस में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।

विश्लेषण व परिणाम से स्पस्ट है की p-value $\leq \alpha \rightarrow H_0$ अस्वीकार, मतलब ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों में महत्वपूर्ण अंतर है।

चर्चा – परिणामों की व्याख्या ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों की शारीरिक फिटनेस में अंतर का विश्लेषण करना था। परिणामों से यह स्पष्ट हुआ कि शहरी विद्यार्थियों की शारीरिक फिटनेस ग्रामीण विद्यार्थियों की तुलना में कुछ हद तक अधिक बेहतर रही, हालांकि कुछ क्षेत्रों में ग्रामीण विद्यार्थियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

परिणामों की व्याख्या:

1. **शारीरिक शक्ति और सहनशीलता:** शहरी विद्यार्थियों ने अधिकतर सहनशीलता और शक्ति परीक्षणों में बेहतर प्रदर्शन किया। इसका कारण शहरी क्षेत्रों में खेलकूद सुविधाओं का बेहतर होना, फिटनेस क्लब और खेल प्रशिक्षण केंद्रों की उपलब्धता हो सकता है।
2. **लचीलापन और गति:**ग्रामीण विद्यार्थियों में लचीलापन कुछ हद तक बेहतर पाया गया, संभवत: उनका जीवन अधिक शारीरिक श्रम और प्राकृतिक गतिविधियों पर आधारित होने के कारण।
3. **सामान्य फिटनेस स्तर:** कुल मिलाकर शहरी विद्यार्थियों की फिटनेस बेहतर रही, लेकिन ग्रामीण विद्यार्थियों में दिनचर्या में अधिक सक्रियता होने के कारण उनकी बुनियादी शारीरिक क्षमता भी अच्छी रही।

जीवनशैली, खानपान, खेल सुविधाओं और वातावरण का प्रभाव:

1. **जीवनशैली:** शहरी विद्यार्थी आमतौर पर कम शारीरिक श्रम करते हैं लेकिन व्यायाम या खेल गतिविधियों में नियमित रहते हैं, जबकि ग्रामीण विद्यार्थी अधिक शारीरिक श्रम करते हैं लेकिन खेल सुविधाओं की कमी रहती है।
2. **खानपान:** शहरी क्षेत्रों में संतुलित आहार, प्रोटीन और विटामिन से भरपूर भोजन की उपलब्धता अधिक है, जो मांसपेशियों और सहनशीलता को प्रभावित करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर प्राकृतिक और घर का बना भोजन होता है, लेकिन पोषण संबंधी विविधता कम हो सकती है।
3. **खेल सुविधाएँ:**शहरी स्कूलों में खेल मैदान, जिम और प्रशिक्षक उपलब्ध होते हैं, जबकि ग्रामीण स्कूलों में सीमित खेल सुविधाएँ होने के कारण छात्रों का प्रशिक्षित खेल में प्रदर्शन प्रभावित होता है।
4. **वातावरण:** शहरी वातावरण में प्रदूषण और शारीरिक गतिविधियों की कमी होने के बावजूद उच्च स्तरीय सुविधाओं का लाभ मिलता है। ग्रामीण वातावरण में खुली जगह और प्राकृतिक गतिविधियों का लाभ होता है, जिससे सहनशीलता और मूलभूत फिटनेस बेहतर रहती है।

निष्कर्ष – अध्ययन के आधार पर यह पाया गया कि शारीरिक फिटनेस में ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों के बीच महत्वपूर्ण अंतर मौजूद है। अध्ययन से संकेत मिलता है कि:

1. **शारीरिक सक्रियता में अंतर:** ग्रामीण विद्यार्थी शहरी विद्यार्थियों की तुलना में अधिक शारीरिक रूप से सक्रिय पाए गए, संभवत: उनके जीवनशैली और खेलकूद गतिविधियों में अधिक सहभागिता के कारण।
2. **शारीरिक स्वास्थ्य मानक:** शहरी विद्यार्थी कुछ मामलों में बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण शारीरिक स्वास्थ्य के कुछ मानकों में ग्रामीण विद्यार्थियों से आगे हैं।
3. **फिटनेस का स्तर:** कार्डियोवस्कुलर क्षमता, मांसपेशियों की ताकत और सहनशक्ति जैसी शारीरिक फिटनेस की विभिन्न आयामों में ग्रामीण विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया।
4. **जीवनशैली का प्रभाव:** शहरी विद्यार्थियों की अधिक तकनीकी उपयोगिता और कम शारीरिक गतिविधि उनके फिटनेस स्तर को प्रभावित कर सकती है।

अंतत: यह निष्कर्ष इस बात की ओर संकेत करता है कि शारीरिक फिटनेस को बढ़ाने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के लिए विशेष फिटनेस और खेल कार्यक्रमों की आवश्यकता है। इसके अलावा, पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना भी महत्वपूर्ण है।

ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों की फिटनेस में सुधार हेतु सुझाव–

नियमित व्यायाम और खेल गतिविधियाँ:

1. स्कूलों में खेल और व्यायाम को अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।
2. योग, दौड़, स्किपिंग, खेल प्रतियोगिताएँ और टीम गेम्स जैसे फुटबॉल, बैडमिंटन आदि को प्रोत्साहित किया जाए।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में खुले मैदानों का उपयोग और शहरी क्षेत्रों में पार्कऔजिम सुविधाओं का विकास।

संतुलित आहार और पोषण:

1. बच्चों को प्रोटीन, विटामिन और मिनरल युक्त आहार लेने के लिए जागरूक किया जाए।
2. स्कूल में हेल्दी कैंटीन और पौष्टिक नाश्ते की व्यवस्था।
3. ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पोषण संबंधी कार्यशालाएँ।

स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता:

1. फिटनेस और स्वास्थ्य पर नियमित कक्षाएं और सेमिनार।

2. बच्चों और अभिभावकों को शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करना।
3. स्क्रीन टाइम और मोबाइलध्टीवी उपयोग पर नियंत्रण।

मानसिक स्वास्थ्य और विश्राम:

1. फिटनेस के साथ मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना।
2. योग और ध्यान जैसी गतिविधियों से मानसिक तनाव कम करना।
3. पर्याप्त नींद और आराम सुनिश्चित करना।

समुदाय और परिवेश का योगदान:

1. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल और व्यायाम के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराना।
2. सामुदायिक खेल कार्यक्रम और फिटनेस क्लब्स का आयोजन।
3. स्थानीय अधिकारियों और स्कूल प्रशासन से सहयोग लेना।

नियमित मूल्यांकन और फीडबैक:

1. समय-समय पर शारीरिक फिटनेस का परीक्षण (जैसे धावन क्षमता, स्ट्रेंथ टेस्ट, फ्लेक्सिबिलिटी आदि)।
2. फिटनेस रिपोर्ट के आधार पर सुधारात्मक योजना बनाना।

ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों के लिए शारीरिक फिटनेस सुधार हेतु सुझावों की सारणी बद्ध रूप

क्षेत्र	सुझाव	विवरण
ग्रामीण विद्यार्थी	खेल-कूद और व्यायाम	खुले मैदानों, खेल के उपकरणों, दौड़, योग और टीम गेम्स को प्रोत्साहित करना।
	पोषण और आहार	स्थानीय और पौष्टिक आहार (दूध, दाल, अनाज, फल-सब्जियाँ) की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
	स्वास्थ्य शिक्षा	स्कूल में स्वास्थ्य और फिटनेस पर कार्यशालाएँ और जागरूकता कार्यक्रम।
	मानसिक स्वास्थ्य	योग और ध्यान की गतिविधियों को स्कूल और सामुदायिक केंद्रों में शामिल करना।
	सामुदायिक सहयोग	खेल क्लब, स्थानीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन, माता-पिता और स्थानीय प्रशासन का सहयोग।
	मूल्यांकन	नियमित फिटनेस टेस्ट और रिपोर्ट कार्ड, सुधारात्मक सुझाव।
क्षेत्र	**सुझाव**	**विवरण**
शहरी विद्यार्थी	खेल-कूद और व्यायाम	पार्क, जिम, स्कूली खेल मैदानों में नियमित व्यायाम, दौड़ और टीम गेम्स।
	पोषण और आहार	जंक फूड कम करना, संतुलित आहार (फल, सब्जियाँ, प्रोटीन, दूध) अपनाना।
	स्वास्थ्य शिक्षा	फिटनेस और स्वास्थ्य संबंधी डिजिटल या स्कूल आधारित सेमिनार।
	मानसिक स्वास्थ्य	योग, ध्यान और स्ट्रेस मैनेजमेंट प्रोग्राम।
	सामुदायिक सहयोग	स्कूल और क्लबों में फिटनेस प्रोग्राम, ऑनलाइन फिटनेस चैलेंज।
	मूल्यांकन	नियमित फिटनेस मूल्यांकन, व्यक्तिगत फिटनेस योजना और फीडबैक।

सिफारिशें :

नियमित व्यायाम को बढ़ावा देना:

1. स्कूलों में दैनिक व्यायाम और खेलकूद की गतिविधियों को अनिवार्य किया जाना चाहिए।
2. ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खेल की सुविधाओं का समान रूप से विकास किया जाना चाहिए।

फिटनेस जागरूकता कार्यक्रम:

1. छात्रों और अभिभावकों के लिए शारीरिक फिटनेस के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।
2. आहार, व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समझ बढ़ाने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित की जानी चाहिए।

सुविधाओं में समानता:

1. ग्रामीण विद्यालयों में खेल मैदान, जिम, और अन्य फिटनेस उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए।
2. शहरी और ग्रामीण छात्रों के लिए समान अवसर और संसाधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

आहार और पोषण पर ध्यान:

1. संतुलित आहार और पोषण संबंधी शिक्षा स्कूल स्तर पर प्रदान की जानी चाहिए।
2. विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण संबंधी सहायता और प्रोत्साहन बढ़ाया जाना चाहिए।

समूह गतिविधियों और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन:

1. स्कूल स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं और फिटनेस कैंप आयोजित किए जाएँ ताकि छात्रों में प्रतिस्पर्धा और स्वास्थ्य के प्रति रुचि बढ़े।
2. ग्रामीण और शहरी छात्रों के बीच मित्रवत मुकाबले और कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।

नियमित फिटनेस मूल्यांकन:

1. छात्रों की शारीरिक फिटनेस का समय-समय पर मूल्यांकन किया जाए।
2. इसके लिए फिटनेस टेस्ट और स्वास्थ्य जांच को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है।

नीतिगत समर्थन और निवेश:

1. सरकार और स्थानीय प्रशासन को ग्रामीण और शहरी विद्यालयों में खेल और फिटनेस कार्यक्रमों में निवेश बढ़ाना चाहिए।
2. नीतिगत रूप से फिटनेस और खेल गतिविधियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शर्मा, आर. (2020). शारीरिक शिक्षा और स्वास्थ्य. नई दिल्ली: स्पोर्ट्स पब्लिकेशन।
2. Singh, A. (2019). Comparative Study of Physical Fitness of Rural and Urban School Children. International Journal of Physical Education.
3. WHO (2021). Physical Activity Guidelines for Children and Adolescents.
4. Armstrong and Van Mechelen (2008) के अनुसार, बच्चों में शारीरिक गतिविधि और फिटनेस का वैश्विक दृष्टिकोण महत्वपूर्ण

है।

5. शारीरिक गतिविधि, फिटनेस और स्वास्थ्य के मॉडल को Bouchard, Shephard and Stephens (1994) ने प्रस्तुत किया है।
6. Singh et al. (2012) ने दिखाया कि नियमित शारीरिक गतिविधि स्कूल में प्रदर्शन में सुधार ला सकती है।(Singh, Uijtdewilligen, Twisk, van Mechelen, &Chinapaw, 2012)
7. Malina, Bouchard, and Bar-Or (2004) के अनुसार, शारीरिक गतिविधि बच्चों और किशोरों की वृद्धि और विकास को प्रभावित करती है।
8. Sharma and Garg (2016) ने ग्रामीण और शहरी स्कूल बच्चों की शारीरिक फिटनेस की तुलना की।
9. Tomkinson and Olds (2007) ने बच्चों में एरोबिक फिटनेस के वैश्विक परिवर्तन का विश्लेषण किया।
10. Singh and Kaur (2018) के अध्ययन के अनुसार, ग्रामीण और शहरी बच्चों के बीच स्वास्थ्य संबंधी शारीरिक फिटनेस में अंतर पाया गया।
11. WHO(2010) ने स्वास्थ्य के लिए शारीरिक गतिविधि की वैश्विक सिफारिशें जारी की हैं।
12. Jayanthi and Rao (2014) ने भारतीय किशोरों के बीच ग्रामीण और शहरी फिटनेस की तुलना की।
13. Gupta et al. (2012) ने विकासशील देशों में बाल्यकाल मोटापे के कारण और रोकथाम पर प्रकाश डाला।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Comparative Study of Juvenile Justice in Indian Laws and Indian Religious Sacred Texts

Dr. Lok Narayan Mishra* Dr. Rakesh Prasad Pandey**

*Assistant Professor (Law) Govt. Law College, Rewa (M.P.) INDIA
** Dept. of English, Govt. Degree College, Rampur Baghelan, Satna (M.P.) INDIA

Abstract: This comparative study examines the relationship between Indian statutory laws and the guiding principles found in India's religious sacred texts. Ancient scriptures such as the Vedas, *Manusmriti,* and epics like the Mahabharata and Ramayana have long shaped ethical conduct and social order, emphasizing values such as compassion, duty, and justice. In contrast, modern Indian laws, rooted in the Constitution, establish a structured legal framework designed to uphold equality, protect rights, and maintain societal order through codified statutes. By analysing concepts including justice, social responsibility, and the treatment of marginalized groups, this research identifies both enduring similarities and significant differences in approach. The findings suggest that while the spirit of human dignity and social welfare permeates both systems, contemporary laws offer clearer definitions, procedural safeguards, and universal applicability. The study concludes that integrating the ethical wisdom of sacred texts with the precision of modern law can contribute to a more comprehensive and just legal system in India.
Keywords: Indian Law, Religious Texts, Justice, Manu smriti, Vedas, Constitution, Social Responsibility, Comparative Study, Legal Framework, Ethics.

Introduction to Juvenile Justice: Ancient and Modern Perspectives - Juvenile justice pertains to the legal and ethical systems that normalize the conduct of juveniles, who contravene rulesotherwiselevy care due to desertion or vulnerability. In India, the notion is stranded in both primeval religious thought and contemporary statutory legislation. Though the terminology and procedures have progressed, the fundamental concern for the welfare of youth has remained constant.

Mediaeval Indian culture was primarily influenced by religious scriptures, conventions, and oral traditions that established societal norms, particularly concerning children. meanwhile, contemporary India relies its tactics on formalised rules of law influenced by constitutional principles and international agreements. The change in structure signifies a comprehensive transition in Indian society beyond tradition to legislation, along with communal governance to institutional structures.

Despite these differences, both traditions share the objective of nurturing, rehabilitating, and protecting children. However, the mechanisms, conceptual foundations, and practical applications often differ significantly. The ancient approach is more adaptive, informal, and community-driven, while the modern system is procedural and institutionally structured.

This comparative study aims to analyze how both systems approach juvenile justice and where they converge or diverge. By exploring each system's core principles, processes, and challenges, we can better understand both the Nevertheless these variations, both religions aim to nurture, rehabilitate, and safeguard adolescents. Nonetheless, the mechanics, intellectual underpinnings, and actual implementations frequently diverge considerably. The traditional method is more flexible, informal, and community-oriented, whereas the contemporary system is procedural and institutionally organised.Notwithstanding those distinctions, both faiths aim to nurture, rehabilitate, and safeguard children. Nonetheless, the mechanics, philosophical underpinnings, and practical implementations frequently vary considerably. The traditional method is more flexible, informal, and community-oriented, whereas the contemporary system emphasises conventional and institutionally organised.

The present comparative research seeks to examine the methodologies of both systems on juvenile justice and identify their points of convergence and divergence. By examining the fundamental concepts, processes, and difficulties of each system, we may enhance our comprehension of both the Despite such distinctions, both religions seek to cultivate, recuperate, and protect teenagers. However, the mechanics, theoretical foundations, and practical applications often differ significantly. The old method is more adaptable, unstructured, and community-focused, while the current

system is systematic and institutionally structured.

This comparative study aims to analyse the methodology of both juvenile justice systems and discover their similarities and differences. By analysing the core principles, practices, and issues of each system, we can attain a greater comprehension of the continuities and transformations that have impacted juvenile justice in India. This comparison demonstrates that while methods have progressed, the commitment to children's welfare remains deeply ingrained in Indian culture. Continuities and shifts the fact that have influenced juvenile law in India. The juxtaposition illustrates that although the means have evolved, the dedication to the care of young ones retains a fundamental principle in Indian civilisation.

This comparative study seeks to examine the methodologies of both systems on juvenile justice and identify their points of convergence and divergence. By examining the fundamental concepts, practices, and challenges of each system, we can gain a clearer understanding of the continuities and shifts the fact that have influenced juvenile justice in India. This comparison illustrates that although the means have evolved, the dedication to children's wellbeing retains firmly entrenched courtesy across Indian civilisation. Continuities and the transitions that have shaped juvenile justice in India.Ultimately, this comparison demonstrates that while the tools have changed, the commitment to the welfare of children remains a deeply rooted value in Indian civilization.

Core Principles: Compassion vs. Codification: Indian sanctified practices, which include Manu Smriti, The Vedas, and epic literature which include the Mahabharata and The Ramayana, reinforce the importance of empathy, forgiveness, and ethical behaviour for children. The emphasis is on rectifying behaviour by guiding and nurturing, rather than through punitive measures. Children are regarded as intrinsically virtuous yet require guidance to fulfil their potential.

Contemporary Indian legislation, particularly the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, is founded on the premise of the "best interests of the child." This legislation establishes specific safeguards for minors, acknowledging both their mental and physical stagnation and prioritising recuperation concerning punishment. The legislation requires child-appropriate protocols and emphasises societal integration back into society.

Although both faiths prioritise child welfare, scriptures of religion function within their ethical as well as communal context, granting substantial autonomy to adults. Conversely, contemporary legislation establishes explicit, consistent rules enforceable by every one of them, so diminishing the potential for arbitrary behaviour.

The legal system's reliant on codified regulations reassures accountability and uniformity;however, it may occasionally lack the adaptability and human nuance characteristic of the religious paradigm. In contrast, the moral directives of religious scriptures might differ significantly in explication and implementation. Both systems are child-centric; religious scriptures emphasise morals and interpersonal supervision, while modern legislation guarantees hedge by conducting legislated procedures and also enforced rights.

Definitions of Juvenile and Accountability: Indian sanctified practices, which include Manu Smriti, The Vedas, and epic literature which include the Mahabharata and The Ramayana, reinforce the importance of empathy, forgiveness, and ethical behaviour for children. The emphasis is on rectifying behaviour by guiding and nurturing, rather than through punitive measures. Children are regarded as intrinsically virtuous yet require guidance to fulfil their potential.

Contemporary Indian legislation, particularly the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, is founded on the premise of the "best interests of the child." This legislation establishes specific safeguards for minors, acknowledging both their mental and physical stagnation and prioritising recuperation concerning punishment. The legislation requires child-appropriate protocols and emphasises societal integration back into society.

Although both faiths prioritise child welfare, scriptures of religion function within their ethical as well as communal context, granting substantial autonomy to adults. Conversely, contemporary legislation establishes explicit, consistent rules enforceable by every one of them, so diminishing the potential for arbitrary behaviour.

The legal system's reliant on codified regulations reassures accountability and uniformity;however, it may occasionally lack the adaptability and human nuance characteristic of the religious paradigm. On the contrary, the ethical directives in religious scriptures might differ significantly in explication and implementation. Both hierarchies remain child-centric; scriptures from religion emphasise morals and interdependence authority, while contemporary legislation guarantees hedge by conducting legislated procedures and also enforced rights.

Approaches to Punishment and Reform: Indian scriptures of religion typically promote rectification and ethical guidance rather than repercussions in addressing youthful misconduct. The conviction lies in the fact that adolescents are capable of being rehabilitated by conducting teachings', customs and practices, and affirmative reinforcing. incarceration, whereas administered, is moderate and aimed mainly at education than at revenge.

Contemporary Indian law reflects similar restructuring perspective, prioritising detour throughout the criminal justice process whenever feasible. Underage criminals are referred to consulting, schooling, apprenticeships, and community service rather than jail. The legislation forbids capital punishment and life sentences for minors, emphasising their rehabilitation and future reintegration.

The theories underpinning punishment and reform in

